हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 8 अक्टूबर 2025





## आस्था की कतार: जड़ी बूटी युक्त खीर के लिए उमड़ा जनसैलाब, तीन राज्यों से पहुंचे श्रद्धालु

### दमा-श्वांस के लिए लाभदायक खीर का मां पाताल भैरवी मंदिर में वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शरद पूर्णिमा के अवसर पर पिछले करीब ढाई दशक से वितरित होती आ रही जड़ीबूटी युक्त खीर के लिए इस बार भी आस्था का सैलाब देखने को मिला। श्वांस, दमा और अन्य बीमारियों से ग्रसित 20 हजार से अधिक लोग अपने बेहतर स्वस्थ्य के लिए इस खीर प्रसाद को ग्रहण करने बर्फानी धाम पहुंचे थे। इस खीर को लेकर आस्था और भरोसा का आलम यह है कि छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से भी लोग शरद पूर्णिमा पर मां पाताल भैरवी मंदिर पहुंचते हैं।

समिति से मिली जानकारी के अनुसार इस बार भी डेढ़ हजार लीट से अधिक दूध की खीर वितरण के लिए तैयार की गई थी। रातभर खुले आसमान के नीचे रखे जाने के बाद अलसुबह चार बजे से इसका वितरण शुरू किया गया। यहां पहुंचे लोगों ने भी खीर वितरण से होने वाले फायदे के बारे में बताया।



## त्योहारी सीजन में सड़क से पसरा हटाने की मांग

### जयस्तंभ चौक में यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने आयुक्त से मिले व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दीपावली का पर्व नजदीक है और प्रतिवर्ष शहर के जयस्तंभ चौक में लगने वाले पसरा व्यवसाय को लेकर व्यवस्था बनाई जाती है। बीते वर्ष भी व्यापारियों और पसरा लगाने वालों के बीच प्रशासन की बैठक की गई थी। वहीं इस वर्ष भी दीपावली त्योहार को देखते हुए स्थानीय व्यापारियों ने चेम्बर ऑफ कॉमर्स के साथ नगर निगम आयुक्त से मुलाकात करते जयस्तंभ चौक में यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग की है, ताकि दीपावली का व्यापार सुगमता से चल सके।

शहर के जयस्तंभ चौक में पसरा लगाकर व्यवसाय करने वाले लोगों द्वारा सड़क के बीचो-बीच पसरा लगाया जाता है। जिससे बार-बार यातायात जाम होता है। इस पर चिंता जताते स्थानीय व्यापारियों ने नगर निगम आयुक्त से कहा है कि सड़क के बीच से इस पसरे को हटवाकर व्यवस्थित किया जाए। वहीं मांग की है कि त्योहार को देखते हुए पसरा लगाकर व्यवसाय करने वाले और दुकानदार दोनों को समस्या नहीं होनी चाहिए।



### निगम और पुलिस कर्मियों की ड्यूटी, पर्व बाद शिफ्टिंग

इस मामले में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि पसरों को व्यवस्थित करने की मांग व्यापारियों द्वारा की गई है। जयस्तंभ चौक के आसपास के कुछ पसरे वालों को व्यवस्थित किया जाएगा। यातायात दुरुस्त करने के लिए नगर निगम और यातायात पुलिस के जवानों की ड्यूटी भी लगाई जाएगी। वहीं त्योहार के बाद शिफ्टिंग की कार्रवाई होगी।

### पार्किंग स्थल पर शिफ्ट होंगे बीच सड़क के पसरे

जयस्तंभ चौक पर जिस जगह में वर्तमान पार्किंग स्थल है, वहां पर सड़क के बीच लगने वाले पसरों को शिफ्ट करने को लेकर योजना बनाई जा रही है। वहीं पार्किंग कांग्रेस भवन की खाली जमीन पर कांग्रेस कमेटी की मंजूरी से त्योहार तक बनाने को लेकर भी व्यापारियों ने अपनी बात रखी है।

### सड़क के बीच से पसरा हटाने की मांग

चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद ने कहा कि दीपावली त्योहार में पसरा लगाने वाले और दुकानदार दोनों का अहित नहीं होना चाहिए। बार-बार ट्रैफिक जाम होने से पसरा और दुकान दोनों को समस्या होती है। इसके लिए सड़क के बीचो-बीच जो पसरा लगाया जाता है, उसे हटाकर व्यवस्थित करने की मांग आयुक्त से की गई है। उन्होंने कहा कि सड़क पर किनारे जो पसरा दुकानें लगती है, उसे थोड़ा और पीछे करने की मांग भी की गई है। वहीं स्थाई समाधान निकालते इन्हें फ्लाई ओवर अथवा हाट बाजार में शिफ्ट करने मांग रखी गई है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. किशोर सांगोड़े
MBBS, MD (Internal Medicine)
• ब्लड प्रेशर • शुगर • थायराइड
• बुखार • खांसी • छाती रोग
• पेट रोग • किडनी • लकवा • माइग्रेन
• श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या
• नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## मोहला-मानपुर कांग्रेस का नया अध्यक्ष बनने चार ने जमा किया अपना आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत जिले के पर्यवेक्षक चरण सिंह सपरा मंगलवार को मोहला पहुंचे। इस दौरान उन्होंने न केवल स्थानीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की, बल्कि अध्यक्ष बनने के इच्छुक नेताओं से आवेदन भी लिए। इसके साथ ही मोहला-मानपुर में कांग्रेस की स्थिति को लेकर भी चर्चा की गई।

पर्यवेक्षक सापरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कहीं कमजोर नहीं है, लेकिन पार्टी को और अधिक मजबूत व सशक्त करना हम सबकी जिम्मेदारी है। जिसके चलते मैं आप लोगों के बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी का दूत बनकर आया हूं, जिस प्रकार से कांग्रेस पार्टी आदिवासियों के हितों के लिए जल, जंगल, जमीन के लिए, वन अधिकार पट्टा के लिए संकल्पित मन से कार्य की है, चूंकि यह वनांचल क्षेत्र है और इस क्षेत्र में कांग्रेस की मजबूत स्थिति को देखकर खुशी हो रही है।

**आज खैरागढ़ जिले का दौरा :** पर्यवेक्षक चरण सिंह सापरा आज बुधवार को खैरागढ़ जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसियों के अलावा विधायक, पूर्व विधायक, संगठन के पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। जिले का नया अध्यक्ष बनने की चाहत रखने वाले नेताओं से आवेदन भी लिए जाएंगे।

**इन्होंने जमा किए आवेदन :** मंगलवार को मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में जिला अध्यक्ष हेतु कार्यवाहक जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मनीष निर्मल, साधना सिंह एवं लक्ष्मण सिन्हा ने दावेदारी पेश किया। इन नेताओं के बारे में पर्यवेक्षक अब फीडबैक लेकर अपनी रिपोर्ट तैयार करेंगे।

## जैन आचार्य के अवतरण दिवस पर 21 हजार लड्डुओं का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज और आचार्य समय सागर जी महाराज के अवतरण दिवस के अवसर पर आज दिगंबर जैन समाज द्वारा स्थानीय गंज चौक के समीप निर्माणाधीन अहिंसा द्वारा स्थल पर प्रसादी स्वरूप 21 हजार लड्डू का वितरण किया गया। इस दौरान समाज द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

आचार्य विद्यासागर जी महाराज और आचार्य समय सागर जी महाराज का अवतरण दिवस को उत्साहपूर्वक मनाते हुए दिगंबर जैन समाज के लोगों ने आज शहर के गंज चौक के समीप पंडाल लगाया और राहगीरों को प्रसादी स्वरूप लड्डू का वितरण किया। इससे पहले आज सुबह स्थानीय जैन मंदिर में पूजा-अर्चना और शांतिधारा पाठ किया गया।

### समाज के लोगों में उत्साह

दिगंबर जैन समाज के सूर्यकांत जैन ने बताया कि दोनों ही आचार्य का अवतरण दिवस एक दिन ही होता है। जिसको लेकर समाज में उत्साह है। उन्होंने कहा कि इस शुभ अवसर पर आचार्य छत्तीसी विधान पूरा करते हुए पूजा संपन्न किया गया। वहीं उन्होंने बताया कि इस दौरान 21000 लड्डू को प्रसाद स्वरूप वितरण किया गया है। लड्डू वितरण के अवसर पर स्थानीय पार्षद और सामाजिक पदाधिकारी रानू जैन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।




### बाजार में दिख रही रौनक, पर्व को लेकर खरीदी शुरू

## करवा चौथ पर्व : अखंड सौभाग्य और सुख-शांति के लिए महिलाएं रखेंगी व्रत, पूजन सामग्री की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अखंड सौभाग्य एवं घर-परिवार में सुख-शांति की कामना लिए महिलाएं करवां चौथ का व्रत रखेंगी। इस अवसर पर चांद का दर्शन व पूजा कर पर्व मनाएंगी। पर्व के लिए बाजार में पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है। जिसकी जमकर खरीदी भी की जा रही है।

शरद पूर्णिमा पर्व के बाद कार्तिक माह में लगातार त्योहारों का क्रम शुरू होने वाला है। विशेष कर सुहागिनों का बडा पर्व करवा चौथ कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाएगा। सौभाग्य एवं घर-परिवार में सुख-शांति की कामना लिए इस दिन महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखेंगी। शाम को चांद का दर्शन करने के पश्चात ही व्रत खोलेंगी। आगामी दिनों में आने वाले इस पर्व को लेकर सुहागिनों में उत्साह एवं श्रद्धा भक्ति का माहौल है।

### 10 अक्टूबर को मनेगा पर्व

पंचाग के अनुसार करवा चौथ व्रत 10 अक्टूबर को मनाया जाएगा। कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 9 अक्टूबर की रात 10.54 बजे से शुरू होगी, जो 10 अक्टूबर को शाम 7.38 बजे तक रहेगी। पर्व को लेकर शहर के जयस्तंभ चौक व जूनीहटरी के आसपास मिट्टी के बने करवे सहित अन्य पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है, जहां से खरीदी भी शुरू हो चुकी है।

### बाजार में चहल-पहल

इसके अलावा कपड़े, आभूषण सहित सौंदर्य सामग्रियों की दुकानें भी सजी हुई है, जहां खरीदी के लिए महिलाओं की बेहतर उपस्थिति बन रही है। ऐसी मान्यताएं हैं कि करवा चौथ के दिन चंद्रमा की पूजा करने से सौभाग्य और घर-परिवार में सुख-शांति के लिए आशीर्वाद प्राप्त होता है। बहरहाल समीप करवा चौथ पर्व को देखते हुए बाजार में रौनक व चहल-पहल बढ़ने लगी है।




## खबर संक्षेप

### स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन



**चारभाठा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चारभांठा मंडलने शताब्दी वर्ष के निमित्त विजयादशमी उत्सव पथ संचलन का आयोजन किया। कार्यक्रम में आसपास के स्वयंसेवकों ने शामिल होकर पथ संचलन किया। माताओं ने पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कौशलेंद्र शामिल हुए। इस दौरान कुंभजलाल देवांगन, जागेश्वर निषाद सहित अन्य शामिल हुए।

### जागरूकता शिविर का आयोजन



**खुज्जी।** डोंगरगांव पुलिस ने गत दिनों गोंडलवाही में साइबर, यातायात, नशा मुक्ति एवं महिला सम्मान पर कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान ग्रामीणों को साईबर क्राइम को रोकने के उपाय की जानकारी दी गई। बताया गया कि सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। इस दौरान एसडीओपी दिलीप सिंह सिसोदिया, थाना प्रभारी कृष्णा पटले ने ग्रामीणों एवं छात्र छात्राओं को अपराध घटित होने पर तत्काल संबंधित थाने को सूचना देने कहा। शिविर में जिला पंचायत सदस्य गोपालसिंह भुआर्य, जनपद सदस्य ज़ैमुनबाई कंवर, सरपंच जगदीश बघेल, मनोज भुआर्य, मोहन बघेल, रेवाराम, युगल किशोर, संतराम, शीला गुप्ता, तीरथराम, मेघनाथ खरे, बीरमबाई, लेनबाई बघेल सहित अन्य शामिल हुए।

### बोदेला में लोकधारा का मंचन आज

**तुमडीबोड़।** ग्राम बोदेला में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में कल 8 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे से छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकधारा तिलक राजा कृत रायपुर की प्रस्तुति होगी। आयोजकों ने अंचल के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। मुख्य अतिथि विधायक दलेश्वर साहू होंगे। अध्यक्षता महापौर मधुसूदन यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिपं सदस्य गुलाब वर्मा, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, जया साहू, सीमा साहू, निर्मला सिन्हा उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी हीरामन साहू, महेंद्र वर्मा, कुंदन साहू ने दी।

### मनरेगा का क्यूआर कोड चस्पा




**छुरिया।** मनरेगा के काम में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से नई डिजिटल पहल की जा रही है। ब्लाक की सभी ग्राम पंचायतों में 7 अक्टूबर को रोजगार दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को क्यूआर कोड प्रणाली की जानकारी दी गई। इस पहल के बाद ग्रामीण मोबाइल से पंचायत भवन या सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर मनरेगा की जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकेंगे। लोगों को पिछले तीन वर्षों के स्वीकृत कार्य, व्यय राशि, प्रगतिरत कार्य, जॉब कार्डधारियों की संख्या और कुल सृजित मानव दिवस की जानकारी मिल सकेगी। यह नवाचार जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह के मार्गदर्शन में शुरू किया गया है। जनपद पंचायत के अधीन आने वाले सभी पंचायतों में क्यूआर कोड चस्पा कर दिया गया है।

### छात्रा तेजल को अर्पित किया श्रद्धासुमन



**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ की छात्रा तेजल निषाद पिता सुरेश निषाद का स्वास्थ्यगत कारणों से गत दिवस निधन हो गया। विद्यालय परिवार ने 2 मिनट का मौन धारण कर उसे श्रद्धांजलि अर्पित किया। शोकसभा में अध्यक्ष सुनील जैन, मीना गिरधर, नीलम चोपड़ा, सुशील जैन, प्रकाश गिरधर, प्रभाकरराव गिरधर, नारायणलाल अग्रवाल, सुरेश सोनी, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, राजेंद्र जैन, गोपाल खेमुका, प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वरलाल निषाद आदि शामिल हुए।

### जिला वन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने मनीष



**डोंगरगढ़।** जिला वन कर्मचारी संघ राजनांदगांव की बैठक अछोली डिपो में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की एकता एवं मजबूती पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान डोंगरगढ़ इकाई का गठन किया गया। मनीष यादव को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर संघ के जिला अध्यक्ष डोमन साहू, दामोदर कोसरकर, देवेंद्र सलामे, अविनाश साहू, पंकज निर्मलकर, संजय जायसवाल, भिजेश्वर चनाप, रविकुमार परसाई, नेमचंद ठाकुर, कमलेश चंद्रवंशी, हरेंद्र ठाकुर उपस्थित थे। नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष मासूम बाम्बर्डे, गायत्री वर्मा, सचिव नंदकिशोर गोआर्य, कोषाध्यक्ष सीमा सेन, महामंत्री फगवा राम, सदस्य नीतीश सिंह, रवि कंवर, रामेश्वर साहू, सुरेश यादव, देवदत्त शर्मा को बनाया गया है।

## निधन

### खिलावन प्रसाद साहू



**सोमनी।** ग्राम सांकरा निवासी खिलावन प्रसाद साहू पिता स्व ओंकार प्रसाद साहू का 6 अक्टूबर को निधन हो गया है। वह काफी दिनों से अस्वस्थ थे। उनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया।

## सुराडबरी के किसान मिले कलेक्टर से, सौंपा आवेदन

# बेमौसम बारिश से फसलें हुई बर्बाद किसानों ने की क्षतिपूर्ति की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

धान, सोयाबीन सहित कुछ अन्य फसलों की कटाई के सीजन में हो रही बारिश से किसानों की परेशानी बढ़ा दिया है। बारिश ने कई फसलों को काफी प्रभावित किया है। फसल बर्बाद होने से कृषकों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया। मौसम की मार झेल रहे सुराडबरी के सैकड़ों किसानों ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर क्षतिपूर्ति एवं बीमा क्लेम की मांग की है।

किसानों ने आवेदन में बताया कि सोयाबीन, टमाटर, पपीता क्षेत्र के किसानों का प्रमुख आर्थिक साधन है। कृषक एक बड़े रकबे पर इन फसलों का उत्पादन करते हैं। बीते दिवस अधिक बारिश होने तथा लगातार खराब मौसम के कारण कई हेक्टेयर फसल तबाह हो गई है। किसानों ने बताया कि कर्ज लेकर उन्होंने फसल में खाद, बीज, दवा का उपयोग किया था। उत्पादन भी बेहतर होने का अनुमान था परन्तु ऐन वक्त पर मौसम खराब होने से फसल बरबाद हो गई है। किसानों ने बताया कि फसल खराब होने से उन्हे काफी आर्थिक नुकसान हुआ है।




**क्षतिपूर्ति की मांग**

कलेक्टर से मिलकर किसानों ने नुकसानी को देखते हुए बीमा क्लेम एवं क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग की है। इस दौरान जनपद सदस्य ज्योति जंघेल, सरपंच बुधराम, सखु, मोहित, संतोष, राजकुमार, भुनेश्वर, ओंमकार, बलराम, सेतराम, बबलु जंघेल, धनेश्वर, देवराज, बिशेषर, बेदराम, सुखचरण, गजानंद, कैलाश, मोहन, हेमुराम, दुर्जन, विष्णु, नंदकुमार, राकेश, उत्तम, महेन्द्र, गंगाराम, सोमनाथ सहित अन्य मौजूद थे।

**सर्वे एवं गिरदावरी की मांग**

किसानों ने कलेक्टर से फसल नुकसान का सर्वे कराने तथा गिरदावरी रिपोर्ट तैयार कराने की मांग किया ताकि किसानों को खराब फसल का हर्जाना तथा आर्थिक सहायता मिल सके। किसानों ने बताया कि फसल की गिरदावरी रिपोर्ट तैयार कर लिया गया है तथा पोर्टल में प्रविष्टी विकल्प बंद हो गया है। सुराडबरी में अधिकांश किसानों की जानकारी अपलोड होना शेष है। पोर्टल बंद होने से कृषक काफी परेशान है। किसानों ने बताया कि पटवारी हल्का नम्बर 20 सुराडबरी डीएससी सूची में शामिल है। गत 30 सितम्बर को गिरदावरी प्रविष्टी का विकल्प बंद हो गया है जबकि अस्सी फीसदी से अधिक प्रविष्टी होना शेष है।

## अश्वनी हुए परिक्षेत्र अध्यक्ष निर्वाचित



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

परिक्षेत्रीय साहू संघ बेलरगोंदी का चुनाव गत दिनों संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर डॉ अश्वनी कलिहारी निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष दिलीप साहू, ज्योति साहू, संगठन सचिव सुलोचना साहू, उदेराम साहू जी ने जीत हासिल किया।

- चुनाव में परिक्षेत्र के सामाजिकजन हुए शामिल

निर्वाचन अधिकारी के रूप में नोवल साहू, भुनेश्वर साहू, कुमार साहू, ललित साहू, उत्तम साहू मौजूद थे।

नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ साहू ने सभी मतदाताओं एवं सामाजिक जनों का आभार जताया है। सभी पदाधिकारियों को राजेन्द्र साहू, खिलावन साहू, जेठूमल, चिरंजीव, सोनम साहू, तेजराम, छन्नूसाहू, देवकरण, जागेश्वरी, टेकचंद, उमाशंकर, प्रेमलाल, गेसराम, इंदलराम, गुलेश्वर साहू आदि ने बधाई दी है।

## टटेंगा स्कूल का सामाजिक अंकेक्षण

- टीम के सदस्यों ने देखा स्कूल की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला रोड़



शिक्षा की गुणवत्ता परखने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा का सामाजिक अंकेक्षण किया गया। अंकेक्षण में शिक्षक, विद्यार्थी और समुदाय के बीच सामंजस्य और सुधार करने के उपाय को देखा गया। इस कार्य में टीम लीडर के रूप में व्याख्याता बीएनएस धनगुन, सेवानिवृत्त व्याख्याता आरडी देवांगन, सरपंच दीप्ति साहू, पुरुषोत्तम उर्वशा, महेश्वरी उर्वशा, अश्वनी सुधाकर, डिगेश्वर साहू, रिखीराम साहू, प्राचार्य आरके देवांगन, अजय पाठक शामिल हुए। टीम ने परीक्षाफल, क्रीड़ा, योग, कला उत्सव, पौधरोपण, यूथ एंड इको क्लब, आपदा प्रबंधन, सड़क सुरक्षा, आत्म सुरक्षा, पुस्तकालय, अटल लैब, डिजिटल क्लास, कैरियर काउंसलिंग, परीक्षा की तैयारी, उपचारात्मक शिक्षण, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी, प्रयोगशाला के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, भागवत साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू, चंद्र प्रकाश, अनुराधा खरे उपस्थित थे।

## रामलीला का रंगारंग मंचन



**घुमका।** हरडुवा में रविवार को रामलीला का मंचन करते हुए दशहरा उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता बघेल थी। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य किरण बारले, जनपद सदस्य चंद्रेश वर्मा, सरपंच गंगेश्वर वर्मा, ऋषि वर्मा, अश्विनी जंघेल, तोषणसिंह, अशोक दुबे, डेरहा वर्मा, गन्नू वर्मा, मकेश शान, राजेश शान, हर्षा सिंह ने प्रभु श्रीराम की पूजा अर्चना किया। रामलीला के बाद दशहरा मनाया गया। अंत में चंद्रेश वर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## बौद्ध समाज के प्रतिनिधि मिले गृहमंत्री शाह से

### विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया सरल करने की मांग
- सीएम को सौंपा ज्ञापन

प्रदेश बौद्ध समाज के प्रतिनिधि मंडल ने गृहमंत्री अमित शाह से भेंट कर बौद्ध धर्म स्थलों के विकास सहित अन्य समाजिक मुददों पर चर्चा की। गृहमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में प्रज्ञागिरी के ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद खांडेकर सहित सामाजिकजनों ने आगामी 6 फरवरी को होने वाले बौद्ध सम्मेलन में शामिल होने का निवेदन किया। रायपुर स्थित मेफेयर लेक रिज़ॉर्ट में श्री खांडेकर, भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भोजराज गौरखेड़े, बौद्ध समाज के प्रदेश अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े, डॉ आंबेडकर परिनिर्वाण भूमि सम्मान समिति के राष्ट्रीय सचिव सारंग राव हुमने, केएन कांडे सहित अन्य ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।



**दिक्कतों से कराया अवगत**

भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भोजराज गौरखेड़े ने बौद्ध समाज के लोगों को जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही दिक्कतों की जानकारी देते हुए प्रक्रिया का सरलीकरण करने एवं जाति प्रमाण पत्र के लिये मांगे जाने वाले वर्ष 1950 के दस्तावेज की बाध्यता को समाप्त करने की मांग की। नया रायपुर में बौद्ध समाज को 5 एकड़ भूमि आबंटित करने, निगम, आयोग एवं प्राधिकरण में बौद्ध समाज के 2 सदस्यों को प्रतिनिधित्व देने, रायपुर के सर्किट परिसर में भारतरत्न डॉ. भीमराव की प्रतिमा लगाने की मांग की गई। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर उपरोक्त मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर अनिल गजभिए, शैलेश बड़गे, शैलेंद्र डोंगरे, सुनील नागदेवे, विजय टेंभुरकर, अयस खांडेकर आदि उपस्थित थे।

## कीर्ति स्तंभ में खीर-पुड़ी का वितरण

# गुरु के योगदान को लोगों ने किया नमन





हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

शहर में गुरु पूर्णिमा श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। जैन मंदिर में आर्यिका 105 श्वेत मति और आर्यिका 105 विदेह मति माता के सानिध्य में तीन दिवसीय गुरु गरिमा पर्व का आयोजन किया गया।

उल्लेखनीय है कि जैन मंदिर में श्रद्धा के साथ गुरू गरिमा पर्व मनाया गया। आयोजन के क्रम में पहले दिन मंगलाष्टक अभिषेक, शांतिधारा, श्री अजितनाथ विधान, मंगलाचरण, आचार्यश्री संस्मरण सभा, छह अक्टूबर को अभिषेक, शांतिधारा, आचार्य छत्तीसी विधान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और मंगलवार को 108 अर्घ्य से महापूजन किया गया। आयोजन के क्रम गुरु विद्यासागर महाराज के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए जैन समाज के युवाओं ने कीर्ति स्तम्भ के पास खीर पुड़ी का वितरण किया। वितरण के पहले महिला मंडल की क्रांति जैन, सपना जैन और सीए हिना जैन ने आचार्य श्री की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। इस दौरान देशराज जैन, सतीश लल्ली, राहुल जैन, प्रबोध जैन, सजल जैन, अनुज जैन, गौरव, भरत चौधरी, नेहा जैन, निखिल, सक्षम, आर्जव, निक्की, गरिमा, मुनमुन, फ्रुटी, श्रेष्ठा, आशी, संस्कृति, चहक, आशीष, स्वाती, खुशी, परी, समीक्षा, आस्था, रिशिका, रूपिता, अनुमेहा, सिद्धांत, नमन, अतिशय आदि मौजूद थे।

**दुर्गा मंदिर में खीर वितरण**

शरद पूर्णिमा के मौके पर दुर्गा मंदिर परिसर में हर साल की तरह दवायुक्त खीर वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वैद्य महेश गंजीर के सहयोग से किया गया था। देर रात बड़ी संख्या में लोगों ने दुर्गा मंदिर पहुंचकर दवायुक्त खीर ग्रहण किया।

**चार विभूतियों का अवतरण**

उल्लेखनीय हैं शरद पूर्णिमा के दिन जैन धर्म की चार महा विभूतियों का जन्म हुआ था। इस दिन समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर महाराज, नवाचार्य समयसागर महाराज और आचार्य सुनील सागर का जन्म हुआ था। इसी दिन गणिनी आर्यिका 105 ज्ञानमती माता का भी जन्म दिन था। हैरानी वाली बात है कि तीनों आचार्यों का जन्म 12- 12 साल के अंतराल में शरद पूर्णिमा के दिन हुआ था।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




## सार समाचार

### मॉर्निंग वॉक ग्रुप ने दी विदाई



**डोंगरगढ़।** वन विभाग के तीरथ चंदेल के सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को रानी सती राइस मिल परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ बम्लेश्वरी माता के जयकारा से हुआ। समारोह में वन विभाग के कर्मचारी, मॉर्निंग वॉक ग्रुप के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, गोपाल महोबिया, मनोज दम्मानी, नितिन पचेरीवाला, संदीप पचेरीवाला, राकेश भूत, आनंद अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, सिद्धार्थ नागदेवे, मधुसूदन अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, प्रणय अग्रवाल, बीरेंद्र अग्रवाल आदि शामिल हुए। इस दौरान वक्ताओं ने श्री चंदेल की सेवायात्रा को याद किया। समारोह में उन्हें शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन भुनेश्वर वैष्णव ने किया।

### मेट्रो ट्रेन शुरू करने की मांग



**डोंगरगढ़।** धर्मनगरी में आने वाले लोगों की संख्या को देखते हुए मेट्रो ट्रेन का संचालन करने की मांग पूर्व पालिका उपाध्यक्ष रामकृशण कनौजिया ने की है। उन्होंने कहा कि प्रज्ञागिरी तीर्थ, बम्लेष्वरी मंदिर और चंद्रगिरी के साथ श्री यंत्र उपासना केन्द्र, परिक्रमा पथ के निर्माण से बाहर से आने वालें की संख्या में लगातर बढ रही है। दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रख कर मेट्रो ट्रेन शुरू करने की मांग की है।

### युवा शारदा समिति ने किया अध्यक्ष का सम्मान

**छुरिया।** ग्राम केशोटोला में बाल युवा शारदा समिति ने सरस्वती मां की प्रतिमा विराजित कर ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए कुलहारदोह नाच पार्टी का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा शामिल हुए। श्री सिन्हा ने कहा कि मां सरस्वती ज्ञान और बुद्धि की देवी है। बसंत पंचमी को विद्यार्थी, शिक्षक, कलाकार देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना करते हैं। इस दौरान भानबाई मंडावी, अंजु धनकर, ईश्वर मंडावी, प्रीतम साहू, शीशपाल सलामे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीण मौजूद थे।



### बदलते मौसम से बढ़ी बीमारियां




**खड़गांव।** सरकारी हास्पिटल में नवपदस्थ डॉ हिमांशु सुखदेव ने बताया कि वर्तमान में जो मौसम का मिजाज है उसके कारण शरीर में बदलाव होना निश्चित है। इन दिनों लगातार बारिश हो रही है जिसके चलते हर घर में कोई न कोई बीमार है। इन दिनों सरकारी हास्पिटल में मरीजों की भीड़ देखने मिल रही है जिससे डाक्टर, नर्स और अन्य कर्मचारियों की व्यस्तता बढ़ गई है। नवपदस्थ डॉ हिमांशु सुखदेव ने बताया कि वर्तमान में मरीजों की संख्या बढ़ी हुई है जिसके बाद भी सभी का इलाज किया जा रहा है। सभी मरीजों को बदलते मौसम के देखते हुए शरीर पर ज्यादा ध्यान देने और पानी छानकर पीने की सलाह दी जा रही है। हास्पिटल में िहे रहे उपचार से लोग संतुष्ट नजर आ रहे हैं।

### पदाधिकारियों ने संभाला पदभार



**खड़गांव।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में 6 अक्टूबर को पद ग्रहण एवं प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि अध्यक्ष एल त्रिपाठी एवं सदस्यों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर नव-निर्वाचित हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, एवं अन्य प्रतिनिधियों को बैज पहनाकर उन्हे कर्तव्यों की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दूसरे चरण में शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री त्रिपाठी एवं सईदा बेगम ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि नेतृत्व का अर्थ सिर्फ पद नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का बोध और टीम भावना से कार्य करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य खेमलता दास ने की। संचालन व्याख्याता अज़हर खान ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ हुआ।

### संयमित जीवन से ही एड्स से बचाव



**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब ने कार्यक्रम आयोजित कर छात्र छात्राओं को एचआईव्ही की जानकारी दिया। प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोविंद नामदेव ने एचआईव्ही वायरस की प्रारंभिक जानकारी दी। जोनल सुपरवाइजर राखी साहू तथा लिंक वर्कर पूर्णिमा तारम ने बताया कि एचआईव्ही का संक्रमण संक्रमित इंजेक्शन, संक्रमित खून, असुरक्षित संबंध और संक्रमित गर्भवती माता से शिशु में होता है। इन कारकों के बारे में विस्तार से विद्यार्थियों को बताया गया। लक्षण के साथ सावधानी और सुरक्षा की जानकारी दी गई। ग्रसित लोगों से सामान्य व्यवहार करने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शुभि जैन तथा आभार व्यक्त हिमानी साहू ने किया। इस दौरान डॉ. काव्या जैन, डॉ. संजू सिंग, ओमप्रकाश सहारे, डॉ. हेमलता विरदी, चांदनी पराते, कंचन साहू, हरवंश चौरगे, मोनिश खान, चंद्रकांत कुंभकार के अलावा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## कांग्रेस पार्टी में अंतर्कलह के बीच भाजपा की एंट्री

# कांग्रेस काल में हुए भ्रष्टाचार की पोल खोल रहा मिशन संडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भ्रष्टाचार की पोल खोलने विधायक यशोदा वर्मा के नेतृत्व में तैयार मिशन संडे टीम और कांग्रेस संगठन के बीच जारी खंदक की लड़ाई में अब भाजपा ने भी एंट्री मार ली है। प्रदेश कार्यसमिति अध्यक्ष विक्रांत सिंह और जिला भाजपा पदाधिकारियों ने विधायक के मिशन संडे को कांग्रेस संगठन के इतर नया नाम मिशन फंडे दिया कहा विधायक के लिए फंड जुटाने बना है मिशन संडे।

वार्ता दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विक्रांत सिंह ने मिशन संडे के साथ साथ कांग्रेस को भी आड़े हाथो लिया कहा कांग्रेस हमेशा से लोकहित को दरकिनार कर स्वहित में ध्यान देने वालो की पार्टी बनकर रह गई है। भ्रष्टाचार तक आकंठ डूबे कांग्रेस और नपा मे उसके साढ़े सात साल के कार्यकाल का उदाहरण देते हुए कहा कि मिशन संडे उन्हीं कामों की पोल खोल रही है, जो उनकी सरकार ने कराया है। धनेली में खेल मैदान में व्यावसायिक परिसर का निर्माण, लालपुर में तालाब गहरीकरण, गौठान, जल आवर्धन योजना जैसे तमाम काम उन्हीं के कार्यकाल में हुआ है और वर्चस्व दिखाने के साथ साथ आम जनता को भ्रमित करने मिशन संडे का उपयोग केवल ब्लैकमेलिंग और राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए हो रहा है। मिशन संडे टीम खुद को विधायक के निर्देश पर चलने वाली संस्था बताती है, लेकिन अब सवाल यह है कि जब कांग्रेस संगठन उस टीम को अपने से दूर बता रही तो विधायक चुप्पी क्यो साधे हुए है।

## कांग्रेस स्वहीत में ध्यान देने वालों की पार्टी



### कमीशनखोरी पुरानी परपंरा

पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष घम्मन साहू ने कांग्रेस की इस अंदरूनी लड़ाई पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि नगर पालिका चुनाव में हार के बाद मनराखन देवांगन ने मिशन संडे नाम से लोकप्रियता पाने की रणनीति बनाई। वो उन्हीं विकास कार्यों में भ्रष्टाचार खोजने निकले जो कांग्रेसी शासनकाल में हुए थे। शुरू में उन्होंने फोटोबाजी और मीडिया कवरेज के जरिए नाम कमाया और फिर मिशन संडे के नाम पर वसूली का खेल शुरू किया। उन्होने कहा कि यह भाजपा का आरोप नहीं, बल्कि ये वही आरोप हैं जो कांग्रेस संगठन मिशन संडे टीम पर लगा रहा है। कांग्रेस में अब विकास नहीं, कमीशन का मिशन चलता है। जिला हो, प्रदेश हो या केंद्र कांग्रेस गुटबाजी की शिकार है।

### डॉक्टर को किया ब्लैकमेल

भाजपा ने आरोप लगाया कि छुईखदान क्षेत्र में एक युवा डॉक्टर को मिशन संडे के सदस्यों ने ब्लैकमेल किया, जिसके कारण मानसिक रूप से दबाव नही झेल पाने के कारण डॉक्टर को इस्तीफा देना पड़ा। रानी रश्मिदेवी जलाशय को पर्यटन क्षेत्र के रूप मे विकसित करने की योजना भी संडे टीम के कारण खटाई में पड़ गई है। चुनाव के दौरान भाजपा पर दादागिरी करने का आरोप लगाने वाले कांग्रेसी व्यापारी को धमका रहे है गाली गलौच कर रहे है लेकिन विधायक चुप है क्योकि कांग्रेस में कमीशन की जंग जारी है। मिशन संडे पर तीखा हमला करते हुए कहा कि यह संगठन दरअसल कांग्रेस के भीतर चल रहे एक वसूली अभियान का हिस्सा है जो कांग्रेस शासनकाल में हुए विकास कार्यों में भ्रष्टाचार बताकर अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन तलाश रही है।

### संगठन ने किया किनारा

संगठन नेताओं को इस बात की जानकारी मिल गई थी कि मिशन संडे अब जनसेवा नहीं, कमीशन संडे के रूप में काम कर रहा इसलिए उन्होंने इससे दूरी बना ली थी और अब इनका आंतरिक कलह रोज सामने आ रहा है। विक्रांत सिंह ने कहा कि विधायक के सरंक्षण में तैयार मिशन संडे मूल भावना से हटकर दबाव बनाने और अवैध वसूली का पर्याय बन चुका है इसलिए तो उनके जिलाध्यक्ष को ब्लाक अध्यक्षों के साथ कहना पड़ा कि मिशन संडे से कांग्रेस का कोई नाता नही है। जिस मिशन संडे को कांग्रेस के पदाधिकारी भ्रष्टाचार से जोड़ रहे हैं, उसी संस्था की सराहना विधायक सार्वजनिक मंचों पर क्यों कर रही हैं। यदि संस्था पर गंभीर आरोप लगे हैं, तो विधायक क्यों मौन साधे हुए हैं। विक्रांत सिंह ने कहा कि साढ़े सात साल तक कांग्रेसी काबिज रहे भाजपा को शहर सत्ता संभाले महज डेढ़ साल हुआ है। कांग्रेस कार्यकाल में हुए कामों का सुपरविजन कर मिशन संडे केवल झूठा क्रेडिट लेने का काम कर रहा है। उन्होंने अधूरे और अव्यवस्थित कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि सोनेसरार में बिना चारा-पानी के लगभग 40 गायों की मौत हो गई और तब कांग्रेसी चुप रहे और अब घूमघूमकर फोटो खिंचाने में व्यस्त है।

# दंपति ने डायग्नोसिस सेंटर पर लगाया लापरवाही का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

- कलेक्टर को आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार

ग्राम पंचायत पंडरिया के एक दंपति से खैरागढ़ स्थित एक निजी डायग्नोसिस सेंटर पर जांच में लापरवाही कर गलत रिपोंट देने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोमवार को कलेक्टर को आवेदन सौंपकर उस डायग्नोसिस सेंटर पर कठोर कारवाई करने की मांग किया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंडरिया की वांशी मनीष वर्मा ने 14 अप्रैल को खैरागढ़ स्थित बालाजी डायग्नोसिस सेंटर में प्रसव जांच कराया था। वहां के कर्मचारी द्वारा सभी आवश्यक जांच कर रिपोर्ट दिया गया। जांच रिपोर्ट में सभी सामान्य बताया गया तथा जब कुछ दिनों बाद शिशु का जन्म हुआ तो वह असमान्य हुआ। जिससे दम्पति सख्ते में आ गया। दंपति ने बताया कि शिशु के असामान्य पैदा होने से उन्हें तथा परिवार को गहरा मानसिक प्रभाव पड़ा तथा आर्थिक कष्ट का कारण बना हुआ है। दंपति ने बालाजी डायग्नोसिस के विरूद्ध कड़ी कारवाई कर न्याय की मांग किया है, ताकि अन्य किसी मरीज के साथ ऐसी घटना न हो।

### मुआवजा की मांग

दंपति ने अपने पत्र में उक्त मामले पर मुआवजा की मांग किया। उनका कहना है कि डायग्नोसिस सेंटर की लापरवाही से उनका असामान्य शिशु का जन्म हुआ है। अगर समय पर इसकी जानकारी हो जाती तो उन्हें मानसिक कष्ट और अतरिक्त आर्थिक भार का सहन नहीं करना पड़ता। दंपति ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री तथा विभाग के नाम आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। क्षेत्र की जनपद सदस्य ज्योति जंघेल भी दंपति को न्याय दिलाने जुटी हुई है।

# बारिश में कच्चा मकान गिरा परिवार के सामने समस्या



**सड़क अतरिया।** लगातार हो रही बारिश से ग्राम चकनार के एक ग्रामीण का कच्चा मकान गिर गया। जिससे उसके सामने रहवास की समस्या खड़ी हो गया है। वर्तमान में उसे किसी अन्य के घर रहना पड़ रहा है।

प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत चकनार के मंदिर पारा निवासी लखन लोधी अपने परिवार के साथ कच्चा मकान में निवास करता था। बीते दिवस हुई लगातार बारिश और तेज हवा में उसका कच्चा मकान पूरी तरह ढह गया। जिससे परिवार को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। परिवार के सदस्य अब अस्थायी रूप से पड़ोसी के घर में शरण लिए हुए हैं।

जानकारी के अनुसार, लखन लोधी का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में स्वीकृत हो चुका है, परंतु आवास निर्माण का कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। बरसात के मौसम में मकान गिर जाने से उन्हें तत्काल आवास उपलब्ध कराना आवश्यक हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग किया है उक्त ग्रामीण को संबंधित विभाग तथा पंचायत शीघ्र कार्यवाही कर उसका आवास निर्माण कार्य प्रारंभ करवाए, ताकि प्रभावित परिवार को राहत मिल सकें।

# छिंदारी रोड पर ट्रक फंसा, घंटों लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



छिंदारी रोड पर मंगलवार की सुबह एक ट्रक के बीच सड़क पर फँस जाने से घंटों तक आवागमन बाधित रहा। ट्रक क्रमांक सीजी 17 एलए 7207 के फँसने से पूरा रास्ता जाम हो गया।

आने-जाने वाले इधर उधर से घूमकर परिवहन करते नजर आए। ज्ञात हो कि जिस जगह वाहन बीच सड़क पर फंसा था उसके एक फर्लांग आगे पुलिस थाना है। यह सड़क पर्यटकों के लिए मुख्य मार्ग होने के कारण परेशानी और बढ़ गई। करीब तीन से चार घंटे तक यातायात ठप रहा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुँचकर स्थिति को नियंत्रित किया तथा जेसीबी की मदद से ट्रक को किनारे कराया। लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर आए दिन भारी वाहनों के कारण ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है। लोगों ने प्रशासन से स्थाई समाधान की मांग की है।

## देवराज ने विधायक प्रतिनिधि पद से दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

पिछले कुछ दिनों से छुईखदान के अहित चाहने और करने वाले मिशन संडे के कांग्रेसी नेताओं द्वारा बार-बार संरक्षण दिया जा रहा था। मिशन संडे के नेताओं ने छुईखदान में पदस्थ डॉ रजक को इस्तीफा देने पर मजबूर किया, छुईखदान के ही छिंदारी बांध में निर्माणधीन पिकनिक स्पॉट छिंदारी के परिंदे काम प्रयोजित शिकायत से रोकवा देना व संयुक्त जिला में छुईखदान के लिए जिला स्तर के एक भी कार्यालय दिलाने प्रयास नहीं किए जाने से आहत देवराज किशोर दास ने कहा कि इस पद पर रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है और न ही इच्छा है। जिसे लेकर नगर पंचायत छुईखदान में विधायक प्रतिनिधि देवराज किशोर दास ने इस्तीफा दे दिया है और उन्होंने कहा कि छुईखदान की अस्मिता की लड़ाई हम सदैव लड़ते रहेंगे। देवराज किशोर दास के साथ विधायक प्रतिनिधि सज्जाक खान ने भी अपना इस्तीफा विधायक को दे दिया है।

### साइंस कॉलेज में ओजोन संरक्षण दिवस आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 16 सितंबर को प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में विश्व ओजोन दिवस मनाया गया।

**समक्षः न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी राज. के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश जिला राजनांदगांव छ.ग.**

पेशी दिनांक-17/10/2025

व्य. वा. प्र. क्र.-85ए/19
प्रो० क्र०- 42/25

01. श्रीमती श्याम बाई, आ.स्व. चुनुराम साहू उम्र-65 वर्ष, निवासी-ग्राम सुरगी, थाना लालबाग तहसील व जिला राजनांदगांव छ.ग.
02. श्रीमती राम बाई, आ. स्व. चुनुराम साहू, उम्र 63 वर्ष निवासी-ग्राम खुर्सीपार, थाना डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव छ.ग.

......वादीगण

// विरुद्ध //

01-भैयाराम, पिता स्व. चुनुराम साहू, उम्र 60 वर्ष
02-बबूलाल, पिता स्व. चुनुराम साहू, उम्र 50 वर्ष
03-कुशाल, पिता स्व. भीखम साहू, उम्र 40 वर्ष
04-मेहतरीन, पिता स्व. भीखम साहू, उम्र 38 वर्ष
05-गुलिया बाई, पिता स्व. भीखम साहू सभी निवासी ग्राम सुरगी, थाना लालबाग, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)
06-छ.ग. शासन द्वारा जिला कलेक्टर राजनांदगांव (छ.ग.)
07-उमाशंकर साहू, पिता स्व.खेमूराम साहू उम्र 37 वर्ष
08-कु० उमाबाई साहू, पिता स्व. खेमूराम साहू, उम्र 40वर्ष
09-कु० चंद्रकला साहू, पिता स्व. खेमूराम साहू, उम्र 35 वर्ष
सभी निवासी -ग्राम व पोस्ट भेडकला, पुराना बस्ती वार्ड नं 5, चौकी चिखली, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

......प्रतिवादीगण

प्रति,

प्रकरण से संबंधित आम जनता (जिसका प्रकरण में हित हो) की उपस्थिति बाबत।

वादीगण के द्वारा इस न्यायालय में व्यावहार वाद क्रमांक-85-ए/2019 श्रीमती श्याम बाई वगै० विरूद्ध भैयालाल व अन्य में प्रतिवादीगण की उपस्थिति हेतु इस न्यायालय में यह वाद वास्ते उद्घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु प्रस्तुत किया गया है, जिसमें स्व० श्रीमती पंच बाई की मृत्यु उपरांत उनके वारिसानों प्रतिवादी क्रमांक 7 से क्रमांक 9 तक की उपस्थिति सुनिश्चित नही हो पायी है, जिस हेतु पेशी तारीख- 17/10/2025 को प्रतिवादीगण की उपस्थिति होना अनिवार्य है। प्रकरण से संबंधित प्रतिवादी क्रमांक 7 से 9 की उपस्थिति बाबत जिस किसी को आपत्ति हो, तो दिन में प्रातः 11:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये समंस किया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो, और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि, आप उस दिन सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें, जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

अतः आप ऊपर बतायी गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे, तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

**नोटः - यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है। या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जायेगा।**

यह आज तारीख-.29./09/2025 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की सील

मुहर

**(श्रीमती हर्षा अग्रवाल)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी राजनांदगांव के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश राजनांदगांव (छ.ग.)**

## विधायक संदीप साहू ने किया स्थल निरीक्षण

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष चयन की बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के चयन को लेकर कांग्रेस में संगठन सृजन अभियान के तहत सरगर्मी तेज हो गई है। इसी कड़ी में कल छुईखदान में जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी।

बैठक में कांग्रेस पर्यवेक्षक चरण सिंह सपरा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इसके पूर्व वे प्रेसवार्ता करेंगे और बाद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर अध्यक्ष पद को लेकर उनकी राय जानेंगे। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र की बैठक में शामिल होने वाले पदाधिकारीगण की सूची कांग्रेस के पूर्व एवं वर्तमान विधानसभा प्रत्याशी, कांग्रेस के पूर्व एवं वर्तमान जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं सदस्यगण, पूर्व एवं वर्तमान जनपद के अध्यक्ष एवं सदस्यगण, पूर्व एवं वर्तमान नगर पंचायत / नगर पालिका अध्यक्ष, पार्षदगण, पूर्व एवं वर्तमान सरपंचगण, पूर्व एवं वर्तमान एआईसीसी एवं पीसीसी सदस्यगण, पूर्व छग आयोग मंडल के सभी पदाधिकारीगण, पूर्व एवं वर्तमान प्रदेश पदाधिकारीगण, पूर्व एवं वर्तमान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण, पूर्व एवं वर्तमान जिला ग्रामीण राजनांदगांव विधानसभा संगठन, सेक्टर के जोन, मंडल प्रभारी एवं पदाधिकारीगण, पूर्व एवं वर्तमान किसान कांग्रेस, सेवादल अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, युवक कांग्रेस व समस्त प्रकोष्ठ के अध्यक्षगण, पूर्व एवं वर्तमान कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष एवं सदसय, वरिष्ठ एवं कांग्रेसजन बैठक में उपस्थित रहेंगे।

### बैठक की तैयारी को लेकर पहुंचे विधायक संदीप

बैठक की तैयारियों को लेकर विधायक संदीप साहू ने आज स्थल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। आज उनके साथ बैठक स्थल के निरीक्षण के दौरान विधायक यशोदा वर्मा, गजेंद्र ठाकरे, रामकुमार पटेल, देवराज किशोर दास, सज्जाक खान, प्रकाश मोहोबिया, हेमंत वैष्णव सहित जिला के नेतागण उपस्थित थे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए इस बार दावेदारों की भरमार है। एक दर्जन से अधिक नेता अपनी दावेदारी पेश कर चुके हैं। सूत्रों के अनुसार, पर्यवेक्षक चरण सिंह सपरा के मार्गदर्शन में अध्यक्ष चयन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। ऐसा माना जा रहा है पर्यवेक्षक 6 उम्मीदवारों का पैनल बना कर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को दे सकते है। जिसके बाद जिले में कांग्रेस संगठन की नई कार्यकारिणी को गति मिलेगी।

## सार समाचार

### राष्ट्रीय अधिवेशन में अजय ने किया वाचन

**राजनांदगांव।** इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में पदस्थ योग शिक्षक डॉ. अजय कुमार पाण्डेय ने उज्जैन के विक्रम विश्विद्यालय में भारतीय दर्शन तथा सामाजिक सद्भाव विषय पर आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में सकल राष्ट्रीय खुशी की अपूर्णता तथा सकल राष्ट्रीय कर्तव्य की परिकल्पना शीर्षक पर पत्र वाचन किया। उन्होंने बताया कि खुशी को सीधे नहीं मापा जा सकता, वह कर्तव्य का बाई प्रोडक्ट है।



### साइंस कॉलेज के छात्रों ने किया रक्तदान

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर 7 अक्टूबर को रासेयो व रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वाधान में 07 यूनिट रक्तदान प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में जिला हॉस्पिटल राजनांदगांव में किया। रक्तदान-महादान-जीवनदान के महत्व को बताते रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे ने कहा कि मानव ही मानव की जान बचा सकता है, कोई भी व्यक्ति जिसकी उम्र 18 साल व जिसका वजन 50 किलो से कम न हो, रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, शरीर में नया खून बनने से बीमारी की संभावना कम होती है व शरीर को नई ऊर्जा मिलती है। रक्तदान करने वालों में छात्र कन्हैया, आयुष वैष्णव, संकेत साहू, मधुषेक सिन्हा, पार्थ साहू, भेनूराम चुरेन्द्र, लक्ष्मीनारायण साहू शामिल रहे। रक्तदान के पूर्व रक्त की जांच की गई व उन्हें रक्त समूह से अवगत कराया गया। रक्तदान में जिला हॉस्पिटल के अधिकारी-कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग मिला।



### मोहड़ में ग्रामसभा आयोजित, कार्ययोजना तैयार

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशन में नोडल अधिकारी रोहित देवांगन की उपस्थिति में विकासखंड अंबागढ़ चौकी के ग्राम मोहड़ में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। सभा में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत विलेज विजन प्लान 2030 के लिए ग्राम स्तरीय प्रत्यक्ष कार्ययोजना तैयार की गई तथा तैयार विलेज डेवलपमेंट प्लान का ग्रामवासियों के समक्ष वाचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री की पाती का वाचन किया गया। तत्पश्चात ग्रामवासियों द्वारा सूचीबद्ध विकासात्मक प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसे ग्रामसभा द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। अनुमोदित प्रस्तावों में आकांक्षी जिला गुणवत्ता अभियान 2025, मनरेगा अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण, तालाब गहरीकरण कार्य तथा मुक्तिधाम शेड निर्माण जैसे विभिन्न जनहितकारी प्रस्ताव शामिल रहे। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



### 31 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

**राजनांदगांव।** साहू समाज के जिला संगठन सचिव चंदन साहू के मार्गदर्शन में पेंड्री बायपास रोड़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 31 रक्तवीरों ने रक्त देकर जरूरतमंदों की मदद की। साथ ही 51 लोगों ने ब्लड की जांच कराया। इस अवसर पर चंदन साहू ने कहा कि रक्तदान महादान है, गरीब निःसहारा एवं कमजोर व्यक्ति को नया जीवन मिलता है। इससे हमें बड़ा ही सुकुन मिलता है। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में चंदन साहू, जितेंद्र साहू, डेनी साहू, नंदकुमार साहू, पंकज लहरे, दुर्गेश साहू, आशीष साहू, मनिन्द्र साहू, रूपेश साहू, जसविन्दर सिंह भाटिया, गणेश साव एवं अन्य लोग शामिल थे।



### बेसिक काउंसलर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव।** जूनियर रेडक्रास सोसायटी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव के तत्वावधान में तीन दिवसीय बेसिक काउंसलर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 4 से 6 अक्टूबर तक डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्रा शा.उ.मा. शाला बसंतपुर में आयोजित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल के मार्गदर्शन में 150 जूनियर रेड क्रॉस प्रभारी की उपस्थिति में 6 अक्टूबर को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का शुरूआत 4 अक्टूबर को रेड क्रॉस के चेयरपर्सन दामोदर दास मुदरा, जिला संगठन प्रदीप शर्मा, मास्टर ट्रेनर चंद्रशेखर पवार जिला संगठन बालोद, विनोद हथेल, मास्टर ट्रेनर लेखराम वर्मा, नोडल अधिकारी नेहा साहू, देवेंद्र अंबादे की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। उद्घाटन पश्चात सर्वप्रथम रेडक्रॉस की उत्पत्ति के संबंध में मास्टर ट्रेनर सीएस पवार द्वारा जानकारी दी गई। समापन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने जिले के सभी स्कूलों में रेडक्रास को बेहतर संचालित करने एवं बच्चों को प्रत्येक शनिवार रेडक्रॉस की गतिविधि में शामिल करने की बात कही। साथ ही सभी को प्रशिक्षण पूरा करने पर बधाई देते प्रमाण पत्र वितरण किया। समापन अवसर पर सतीश ब्योहारे, पीएस झाड़े, भूपेन्द्र साहू, मयूख श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### वार्डों में आज से सामाजिक सुरक्षा पेंशन शिविर

**राजनांदगांव।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते नगर निगम द्वारा पेंशन का भुगतान वार्डों में शिविर लगाकर किया जाता है।

इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह जून से अगस्त का पेंशन भुगतान के लिए वार्डों में 14 नवंबर तक सुबह 11.30 से दोपहर 3.30 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत कल 8 अक्टूबर को वार्ड नं. 11 के लिए ओवरब्रिज के नीचे निगम औषधालय, 9 अक्टूबर को वार्ड नं. 12 व 13 के लिए सार्वजनिक मंच गौरीनगर, 10 अक्टूबर को वार्ड नं. 14 के लिए वेसलियन स्कूल एवं 11 अक्टूबर को वार्ड नं. 15 के लिए राम मंदिर बीएनसी मिल के पास शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डों के लिए भी शिविर आयोजित किए जाएंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डों में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर पेंशन का लाभ लेने की अपील की है।

### निःशुल्क चर्म, बाल व गुप्त रोग जांच शिविर आज

**राजनांदगांव।** नया बस स्टैण्ड सतनाम भवन स्थित आरोग्यम क्लिनिक में 8 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक निःशुल्क चर्म, नाखून, बाल व गुप्त रोग जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें वरिष्ठ चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ.सम्प्रीति सेंदूर अपनी सेवाएं पूर्णतः निःशुल्क देंगी।

# शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं पर होगा फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के नवपदस्थ कलेक्टर जितेन्दर यादव ने आज पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए अपनी प्राथमिकताओं को बताया। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का धरातल पर बेहतर क्रियान्वयन करने के लिए सबके साथ मिलकर काम किया जाएगा।

नव पदस्थ कलेक्टर जितेन्दर यादव ने शाम 4 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस आहूत किया हुआ था, लेकिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये मीटिंग में शामिल होने की वजह से वह आधा घंटा लेट सभागृह में पहुंचे। उन्होंने अपनी सहज, सरलता का परिचय देते देर से आने के लिए पत्रकारों से क्षमा मांगा।

## सबके साथ मिलकर काम करना मेरा स्वभाव

### मीडिया की अहम भूमिका

कलेक्टर ने कहा कि मीडिया के पास ब्रेक और स्पीड का पावर है। जिले के विकास को लेकर वह सीधे संपर्क कर अवगत करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी के साथ मिलकर काम करना मेरा स्वभाव है। वहीं उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य बेसिक चीज हैं। जिसकी सुविधा लोगों को मिलनी चाहिए।



### ग्रामीण क्षेत्रों पर होगा फोकस

कलेक्टर ने कहा कि तहसील स्तर पर राजस्व कैंप लगाकर ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं शहरी क्षेत्र में जो काम शुरू है, उसे जल्द करने की कोशिश करेंगे। इसके अलावा जल संसाधन के कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। पंचायत स्तर पर पंचायत के रेवेन्यू को बढ़ाने की दिशा में भी काम होगा।

उन्होंने अपना परिचय देते बताया कि वह वर्ष 2019 बैच के आईएएस ऑफिसर हैं और रायगढ़ में जिला पंचायत सीईओ के बाद राजनांदगांव कलेक्टर के रूप में उनकी पहली पोस्टिंग है। उन्होंने राजनांदगांव में विभागवार कार्यों की समीक्षा करेंगे और शासन की योजनाओं का धरातल पर बेहतर क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र को लेकर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र के लिए अच्छी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं 11वीं व 12वीं के बच्चों को मेडिकल और इंजीनियरिंग की कोचिंग की बेहतर व्यवस्था की जाएगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी कोचिंग का लाभ ले सके।

## मोदी कैबिनेट ने दी चार नई रेल लाइन परियोजना को मंजूरी


# डोंगरगढ़ से गोंदिया चौथी लाइन परियोजना को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चार महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान कर रेलवे के क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढाने का कार्य निरंतर जारी है। उसी परिप्रेक्ष्य में लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव के डोंगरगढ़ से गोंदिया रेल मार्ग पर नए चौथी लाइन को केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान कर दी है। जिसके लिए सांसद संतोष पांडे ने बताया कि डोंगरगढ़ से गोंदिया नई रेल लाइन बिछाए जाने की मांग वे लोकसभा सत्र में रखे थे, जिस पर आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

सांसद पांडे ने बताया कि कुल 98 किमी नए रेल बिछाए जाएंगे, जिस पर 2223 करोड़ राशि व्यय होगा। मार्ग पर 15 बड़े पुल और 123 छोटे पुल का भी निर्माण होगा। साथ ही एक सुरंग, तीन ओवरब्रिज और 22 अंडरब्रिज का भी निर्माण किया जाएगा। सांसद ने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे देश में माल लदान के लिए हमेशा अग्रिणी रहा है। रायगढ़-कोरबा से कोल परिवहन के साथ ही मुंबई-हावडा रेल मार्ग पर यात्री रेल गाडियों के लिए यह रेल लाइन अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्षभर परिवहन में रेल गाड़ियों का इस मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव अधिक रहता है। चौथी लाइन के निर्माण हो जाने से माल के परिवहन और यात्री गाडियों के आवागमन में सरलता होगी।






### 5 वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य

सांसद ने बताया कि उक्त परियोजना को पांच वर्ष में पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्र की मोदी सरकार के आने के बाद से ही रेल को नई रफ्तार मिली है। वर्तमान में राजनांदगांव से डोंगरगढ़ के मध्य चौथी रेल लाइन का कार्य जारी है और गत माह पूर्व ही परमालकसा से खरसिया नई रेल की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है।

# चाकू दिखाकर धमका रहा आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चाकू बरामद किया है। वहीं अन्य मामले में प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 7 अक्टूबर को शासकीय प्रेस के पीछे मांगलिक भवन के पास एक व्यक्ति द्वारा चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे, की सूचना पर पुलिस ने आरोपी सूरज वाहने 27 साल झोपड़पट्टी वार्ड नं. 6 चिखली को तत्काल पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक नग लकड़ी का बेट लगा धारदार चाकू जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

### अन्य मामले में भी कार्रवाई

इसी प्रकार क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे सतत अभियान के तारतम्य में चौकी चिखली में प्राप्त शिकायत आवेदन पत्रों एवं वाद-विवाद की सूचना के आधार पर 7 अक्टूबर को आवेदक व गवाहों के साथ लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर नेमीचंद देवांगन 43 साल मोतीपुर दीवानटोला को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

# बंधक बनाकर मारपीट करने व लूट के मामले में 3 पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

साथी को बंधक बनाकर मारपीट कर डरा-धमकाकर नगदी व ऑनलाइन माध्यम से रुपए की लूट करने वाले फरार तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लालबाग पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी द्वारा थाना लालबाग उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 अप्रैल को वह अपने 3 साथियों के साथ अपने ग्राम बरगाही जा रहा था। पुराना ढाबा के बालक संप्रेक्षण गृह के पास पीछे से नीला रंग के कार से पुरुषोत्तम साहू ऊर्फ जादू, नितिन साहू, राहुल सिंग, आदित्य एवं दादा आए और प्रार्थी के आगे बीच रास्ते में कार को अड़ा दिया और रास्ता को रोककर गाड़ी से नीचे उतारकर मारपीट कर गाली-गलौज कर रहे थे और सभी को कार में जबर्दस्ती डालकर एबीस फैक्ट्री के आगे एक मकान में ले गए।

जहां वे सभी लोगों को कमरे अंदर रखकर रातभर सभी से मारपीट और गाली-गलौज किया एवं प्रार्थी के पास रखे नगदी 4000 रुपए को लूट लिए और पैसा की मांग करने लगे। सुबह करीबन साढे 7 बजे प्रार्थी व उसके अन्य साथी मौका देखकर अपना मोबाइल व गाड़ी की चाबी लेकर वहां से भागे और दरवाजा को बाहर से बंद कर दिया। प्रार्थी को जान का खतरा था, इसलिए सभी लोग प्रार्थी के बड़ी मां के यहां भाठापारा चले गए। 11 अप्रैल दोपहर 2 बजे आरोपी पुरूषोत्तम और नितिन साहू प्रार्थी के घर पहुंचकर प्रार्थी तरूण की मां को डरा-धमका कर जबर्दस्ती ऑनलाइन 20,000 रुपए अपने खाता में ट्रांजेक्शन कर लूटकर भाग गए। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।



### पुलिस ने की कार्रवाई

इस मामले में पुलिस ने 23 जुलाई को आरोपी नितिन साहू एवं राहुल राजपूत को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। प्रकरण के अन्य 3 घटना दिनांक से फरार आरोपी की पतासाजी किया जा रहा था। इस दौरान पुलिस को दशहरा में आने की सूचना पर पता तलाश करने पर 6 अक्टूबर को आरोपी आदित्य पालेवाल उर्फ आदि 25 साल गौरीनगर को घटना में प्रयुक्त सैमसग कंपनी का मोबाइल तथा आरोपी पुरूषोत्तम उर्फ जादू देवांगन 28 साल गौरीनगर द्वारा अपनी मेमोरेण्डम कथन में घटना में प्रयुक्त वाहन नीले रंग का स्वीप्ट डिजायर को गवाहो के समक्ष विधिवत जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी पुरूषोत्तम, आदित्य व अभिषेक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेजा।

## साइबर, महिला संबंधी अपराध के प्रति पुलिस का जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रजत जयंती वर्ष के अवसर पर पुलिस द्वारा जनजागरूकता अभियान जिलेभर में चलाया जा रहा है। जिसके तहत साइबर, महिला संबंधी अपराध एवं नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में रजत जयंती वर्ष के अवसर पर राजनांदगांव पुलिस द्वारा जिलेभर में जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

### बाजार व स्कूलों में भी कार्यक्रम

इस अभियान के अंतर्गत 5-6 अक्टूबर को थाना डोंगरगढ़ एवं बोरतलाव पुलिस द्वारा एसडीओपी डोंगरगढ़ की उपस्थिति में अपने-अपने क्षेत्र ग्राम अंडी एवं ग्राम सेंदरी स्कूल, डोंगरगांव पुलिस द्वारा एसडीओपी दिलीप सिसोदिया के उपस्थिति में गोडलवाही स्कूल, थाना छुरिया पुलिस द्वारा छुरिया साप्ताहिक बजार, थाना घुमका पुलिस द्वारा ग्राम बिजेतला और यातायात पुलिस द्वारा ठाकुर प्यारेलाल स्कूल व यातायात शाखा में ऑटो रिक्शा वालों को साइबर अपराध, महिला संबंधी अपराध, यातायात नियमों एवं नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।

# ओजोन के महत्व पर पोस्टर व रंगोली स्पर्धा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में छात्रों की जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कॉन्फ्लूएंस कॉलेज के एनएसएस, ईको क्लब और बेस्ट प्रैक्टिस सेल द्वारा पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय है ''ओजोन परत के महत्व को समझें और पृथ्वी को बचाएं।'' इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों को रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से पर्यावरणीय मुद्दों को समझाने और उस पर संवाद करने प्रेरित करना है।

कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि "हमारा प्रयास है कि छात्र सिर्फ शैक्षणिक रूप से नहीं, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय रूप से भी जागरूक बनें। पोस्टर प्रतियोगिता एक ऐसा मंच है, जहां वे कला के माध्यम से गंभीर वैश्विक मुद्दों पर अपनी सोच को उजागर कर सकते हैं। ओजोन परत का संरक्षण एक सामूहिक जिम्मेदारी है और इस दिशा में युवाओं की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है।" प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने अपने रंगोली एवं पोस्टरों में ओजोन परत के महत्व, क्षरण के कारण, उसके दुष्परिणाम और संरक्षण के उपायों को चित्रात्मक रूप में प्रदर्शित किया।



## एनपीपीएस ने बाजपेयी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** नीरज पैरेंट्स प्राईड स्कूल बल्देवबाग के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल के प्रेरणाश्रोत पं. काशीनाथ बाजपेयी के पुण्यतिथि अवसर पर सामुहिक रूप से श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल के संचालक नीरज बाजपेयी ने पं. काशीनाथ बाजपेयी के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री बाजपेयी ने कहा कि हम उत्कृष्टता, करूणा और सामुदायिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते उनके स्मृति का सम्मान करते हैं।

इस अवसर पर स्कूल के डॉयरेक्टर सोनल बाजपेयी ने पं. काशीनाथ बाजपेयी की समाजसेवा एवं देशभक्ति की जीवंत मिशाल पर प्रकाश डालते उनके जीवनी को व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल डॉयरेक्टर रेणु बाजपेयी, कुंतल बाजपेयी, प्राचार्य आरती पिल्लई, हेड मिस्ट्रेस वैशाली सिंग सहित शिक्षकगण व स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।



डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

## कलार समाज का आयोजन

# 250 अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ कलार समाज जिला इकाई राजनांदगांव के मार्गदर्शन में रविवार को माता बहादुर कलारिन सामाजिक कल्याण समिति के तत्वावधान में समाज के जिलेभर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे अधिकारी-कर्मचारियों का अभिनंदन समारोह कस्तूरबा महिला मंडल भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत व अध्यक्षता समाज के प्रांतीय अध्यक्ष युवराज सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि छुरिया जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, डोंगरगढ़ जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा, जिला पंचायत सभापति शीला टाकेश सिन्हा, राजनांदगांव जनपद उपाध्यक्ष अनिता डिगेन्द्र सिन्हा, पार्षद रवि सिन्हा, जिला संरक्षक ठाकुरराम सिन्हा आदि उपस्थित थे।



समारोह में जिलाध्यक्ष शिवशंकर डड़सेना ने आयोजन के उद्देश्य और महत्ता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि श्री राजपूत ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सभी समाज में शिक्षा, खासकर बालिका शिक्षा को लेकर जागरूकता आई है। उन्होंने कहा कि समाज व परिवारों में तेजी से नैतिक मूल्यों का अवमूल्यन हो रहा है, इसकी भी सभी को चिंता करने की आवश्यकता है। प्रांतीय अध्यक्ष युवराज सिन्हा ने कहा कि सकारात्मक सोच और विशिष्ट उद्देश्यों को लेकर प्रदेश स्तर से लेकर जिला स्तर तक विभिन्न प्रकोष्ठ का गठन किया गया है, लेकिन बहुत कम ऐसे प्रकोष्ठ के संयोजक हैं, जो अपने दायित्वों को भली-भांति समझते रचनात्मक और सृजनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। कार्यक्रम में माता बहादुर कलारिन सामाजिक कल्याण समिति के सौजन्य से विभिन्न शासकीय विभागों में विभिन्न पदों पर कार्यरत लगभग 250 अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411

कलेक्टर ने जनमन योजना, जिले में स्वीकृत कार्यों व अधोसंरचना परियोजनाओं के प्रगति की गहन समीक्षा की

# कलेक्टर गोपाल वर्मा ने ली समय-सीमा की बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मंगलवार को कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने जनमन योजना, एग्रीस्टेक परियोजना, डिजिटल क्रॉप सर्वे, गिरदावरी, जनप्रतिनिधियों की निधियों से स्वीकृत कार्यों सहित समस्त अधोसंरचना परियोजनाओं के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान जनमन योजना के अंतर्गत बैगा जनजाति के लिए बन रहे आवासों की प्रगति पर विशेष ध्यान देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि वनांचल क्षेत्रों में एक भी कार्य लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में तत्परता दिखाएं और आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान कर निर्धारित समय सीमा के भीतर आवास निर्माण पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि एक भी कार्य प्रारंभ रहित नहीं रहना चाहिए और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। कलेक्टर श्री वर्मा ने राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देते हुए लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने जिले में लंबित सभी प्रकरणों की अद्यतन सूची तैयार कर क्रमबद्ध और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत समाधान के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि भूमि, सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा जैसे मामलों में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। समय-सीमा के बाहर कोई भी प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिए। कलेक्टर ने जिले में स्वीकृत सिंचाई परियोजनाओं के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित भूमि अधिग्रहण मामलों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करें ताकि निर्माण कार्यों में कोई बाधा उत्पन्न न हो। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, अपर कलेक्टर नरेंद्र पैकरा, विनय पोयाम, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, सर्व एसडीएम सहित जिले के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों व गुणवत्ता से कोई समझौता न हो




कलेक्टर ने प्रभारी मंत्री, सांसद निधि, विधायक निधि एवं विभिन्न अनुशंसा से स्वीकृत विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। उन्होंने मिनी स्टेडियम, सीसी रोड, नाली निर्माण, मंच निर्माण और महतारी सदन जैसी घोषणाओं के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि इन कार्यों की स्थल निरीक्षण नियमित रूप से करें। कलेक्टर ने एग्रीस्टेक परियोजना के अंतर्गत किसानों के फार्मर आईडी निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह कार्य किसानों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी ढंग से प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त, उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत स्वीकृत सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली और निर्माण एजेंसियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि किसी भी कार्य में विलंब अथवा गुणवत्ता में कमी स्वीकार नहीं की जाएगी।

# जीएसटी दरें घटीं लेकिन ग्रामीणों तक नहीं पहुंचा फायदा

- ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी पुराने रेट पर बिक रहा सामान, जांच की मांग तेज।

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

सरकार द्वारा हाल ही में कई वस्तुओं पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कमी की गई है। उम्मीद थी कि इसका सीधा लाभ उपभोक्ताओं को मिलेगा, किंतु कबीरधाम जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में इसका असर देखने को नहीं मिल रहा है। जानकारी के अनुसार कई ग्रामीण क्षेत्र सहित आसपास के गांवों में आज भी दुकानदार पुराने दामों पर ही सामान बेच रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शासन ने सीमेंट, छड़, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं, कृषि उपयोगी दवाएं तथा कई घरेलू सामानों पर जीएसटी कम किया है, परंतु बाजार में कीमतें ज्यों की त्यों बनी हुई है। ग्रामीण उपभोक्ताओं ने बताया कि शहरों में तो कुछ वस्तुओं के दामों में मामूली गिरावट देखने को मिली है, परंतु गांवों में न तो रेट लिस्ट अपडेट हुई है और न ही किसी विभागीय अधिकारी द्वारा जांच की गई है। दुकानदार मनमाने दामों पर सामग्री बेच रहे हैं, जिससे जीएसटी कटौती का लाभ जनता तक नहीं पहुंच पा रहा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि ऐसे विक्रेताओं पर नियंत्रण के लिए गुप्त निरीक्षण दल गठित किया जाए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जीएसटी में की गई कमी का सीधा फायदा उपभोक्ताओं तक पहुंचे। ग्रामीणों का कहना है कि जब सरकार ने टैक्स कम कर दिया है, तो सामान के दाम भी कम होने चाहिए। लेकिन हकीकत इसके विपरीत है आज भी पहले की तरह बढ़े हुए रेट पर सामान बेचा जा रहा है। इससे आम नागरिक खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे है।




## खबर संक्षेप

### नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष राहुल योगराज का प्रथम कबीरधाम प्रवास कल

**हरिभूमि कवर्धा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नव-नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टीकरिहा का प्रथम कबीरधाम का प्रवास कार्यक्रम तय हुआ है। जिसकी स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा कबीरधाम अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के उपस्थिति में किया जाएगा। जिस पर सभी भाजपा और भाजयुमो कबीरधाम के समस्त पदाधिकारी एवं भाजपा के जेष्ट-श्रेष्ट कार्यकर्ताओं से अपील कर स्वागत कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होंगें। जिस पर सभी जिले व मंडल में सभी प्रमुखगण प्रदेश पदाधिकारी-कार्यसमिति सदस्य, सांसद- पूर्व सांसद, विधायक-पूर्व विधायक, निगम, बोर्ड, मंडल, आयोग के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, जिला पदाधिकारी भाजपा, जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सदस्य, नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष एवं पार्षद, जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष एवं सदस्य, मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी-जिला अध्यक्ष-महामंत्री, प्रकोष्ठों के प्रदेश एवं जिला संयोजक-सह संयोजक, भाजपा मंडल अध्यक्ष-महामंत्री द्वारा भव्य बाइक रैली 09 अक्टूबर गुरुवार को दोपहर 3:00 बजे महेंद्रा शोरूम रायपुर रोड कवर्धा से ठाकुर देव चौक, सिग्नल चौक तथा भाजपा कार्यालय तक किया जाएगा। जिसकी तैयारियां जोरों से की जा रही है।

# संघ शताब्दी वर्ष में गुरु घासीदास बस्ती में विजयादशमी उत्सव संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कवर्धा नगर बस्ती क्रमांक 04 गुरु घासीदास बस्ती, पाली पारा हाईस्कूल में विजयादशमी उत्सव पथ संचलन तथा शस्त्र पूजन का कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुरली सिंह (वरिष्ठ अधिवक्ता) ने स्वयंसेवकों को संघ स्थापना के 100 वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मनहरण बर्वे ने कहा कि प्रभु श्रीराम हमारे आदर्श है, श्रीराम ने रावण के अहंकार को समाप्त किया, उनके द्वारा किए गए कार्य को आदर्श मानकर हम जीवन को धन्य बना सकते तथा इस वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजयादशमी को 100 वर्ष पूर्ण कर लिया है। डॉ हेडगेवार ने 1925 में जिस संघ की स्थापना किया था, संघ ने प्रतिबंध देखें है, अनेक कठिनाई भी देखी है पर अपने राष्ट्र सेवा के निश्चित ध्येय पर संघ कभी भ्रमित नहीं हुआ। शताब्दी वर्ष पर हम सभी स्वयंसेवकों को पंच-प्रण के विषय सामाजिक समरसत्ता, कुटुम्ब प्रबोधन, स्वबोध, जल एवं पर्यावरण संरक्षण तथा नगरिक कर्तव्यबोध को अपने जीवन में शामिल कर भारत माता को परम वैभव के शिखर तक पहुंचाने का कार्य किया जा सकता है। नगर के वार्ड क्रमांक 04 गुरु घासीदास बस्ती में पथ संचलन एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम में नगर सह कार्यवाह अभिषेक दुबे, बस्ती प्रमुख वीरेंद्र सिंह आदि के साथ बाल एवं वरिष्ठ स्वयंसेवक गण तथा कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

# स-लोहारा के नव पदस्थ विकासखंड शिक्षा अधिकारी का समन्वयक संघ ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭सहसपुर लोहारा

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्थांतरण आदेश जारी किया गया। जिसमें सहसपुर लोहारा में एबीईओ के पद पर पदस्थ देवेंद्र साहू को प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी बनाया है। बीईओ के कार्यभार ग्रहण उपरांत समन्वयक संघ ब्लॉक इकाई द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। इस दौरान खंड स्त्रोत समन्वयक कन्हैयालाल साहू, समन्वयक विनोद गुप्ता, मारकंडे साहू, काशीराम नेताम, खोमलाल रात्रे, अनिल बघेल, मंशाराम ठाकुर, शिव कुमार रावटे, खेमदास पनिका, दीनाराम साहू, शिव लाल मारकंडे, परमानंद साहू, रिखीराम धुर्वे, दिनेश वर्मा, नारायण सप्रे, संजू कौशिक, योगेंद्र साहू, सीताराम पटेल, धर्मेंद्र खरसोले, मनोज मरकाम सहित शिक्षक ओपी तिवारी, लक्ष्मण झारिया, ठाकुर राम निर्मलकर उपस्थित थें।




## सात दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**हरिभूमि कवर्धा।** कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा में सात दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल शामिल हुए। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न गांवों से चयनित 25 कृषकों ने भाग लिया, जिनमें ग्राम नाउडीह, पड़कीकला, महली, खरहट्टा, जमुनिया, नेवारी, मगरवाड़ा, रापा, मोटियारी, मोतिमपुर, कवर्धा, सारंगपुर एवं सिल्हाटी के कृषक सम्मिलित थे। मुख्य अतिथि द्वारा सभी 25 प्रशिक्षणार्थियो को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। मुख्य अतिथि ने कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा के प्रक्षेत्र का भी अवलोकन किया तथा केन्द्र की गतिविधियों की सराहना करते हुए वैज्ञानिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रशिक्षण के दौरान राज्य के विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों से आए वैज्ञानिकों ने मधुमक्खी पालन से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। इसमें मधुमक्खियों के प्रकार फूल प्रबंधन एवं रख-रखाव, उपकरणों का उपयोग, स्थान का चयन, शहद निष्कर्षण की विधि, बाजार की मांग, विक्रय एवं पैकेजिंग जैसे विषय शामिल रहे। साथ ही प्रशिक्षणार्थियो को कृषि विज्ञान केन्द्र, रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया। कृषकों को बताया गया कि मधुमक्खियां फसलों के परागण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिससे फल, सब्जी एवं दलहनी फसलों की पैदावार बढ़ती है और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है। इसके अलावा, मधुमक्खियों द्वारा उत्पादित शहद पौष्टिक एवं औषधीय गुणों से भरपूर होता है, औषधि उद्योग में किया जाता है।

# गुरु के योगदान को लोगों ने किया नमन





हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

शहर में गुरु पूर्णिमा श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। जैन मंदिर में आर्यिका 105 श्वेत मति और आर्यिका 105 विदेह मति माता के सानिध्य में तीन दिवसीय गुरु गरिमा पर्व का आयोजन किया गया।

उल्लेखनीय है कि जैन मंदिर में श्रद्धा के साथ गुरू गरिमा पर्व मनाया गया। आयोजन के क्रम में पहले दिन मंगलाष्टक अभिषेक, शांतिधारा, श्री अजितनाथ विधान, मंगलाचरण, आचार्यश्री संस्मरण सभा, छह अक्टूबर को अभिषेक, शांतिधारा, आचार्य छत्तीसी विधान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और मंगलवार को 108 अर्घ्य से महापूजन किया गया। आयोजन के क्रम गुरु विद्यासागर महाराज के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए जैन समाज के युवाओं ने कीर्ति स्तम्भ के पास खीर पुड़ी का वितरण किया। वितरण के पहले महिला मंडल की क्रांति जैन, सपना जैन और सीए हिना जैन ने आचार्य श्री की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। इस दौरान देशराज जैन, सतीश लल्ली, राहुल जैन, प्रबोध जैन, सजल जैन, अनुज जैन, गौरव, भरत चौधरी, नेहा जैन, निखिल, सक्षम, आर्जव, निक्की, गरिमा, मुनमुन, फ्रुटी, श्रेष्ठा, आशी, संस्कृति, चहक, आशीष, स्वाती, खुशी, परी, समीक्षा, आस्था, रिशिका, रूपिता, अनुमेहा, सिद्धांत, नमन, अतिशय आदि मौजूद थे।

### दुर्गा मंदिर में खीर वितरण

शरद पूर्णिमा के मौके पर दुर्गा मंदिर परिसर में हर साल की तरह दवायुक्त खीर वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वैद्य महेश गंजीर के सहयोग से किया गया था। देर रात बड़ी संख्या में लोगों ने दुर्गा मंदिर पहुंचकर दवायुक्त खीर ग्रहण किया।

### चार विभूतियों का अवतरण

उल्लेखनीय हैं शरद पूर्णिमा के दिन जैन धर्म की चार महा विभूतियों का जन्म हुआ था। इस दिन समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर महाराज, नवाचार्य समयसागर महाराज और आचार्य सुनील सागर का जन्म हुआ था। इसी दिन गणिनी आर्यिका 105 ज्ञानमती माता का भी जन्म दिन था। हैरानी वाली बात है कि तीनों आचार्यों का जन्म 12- 12 साल के अंतराल में शरद पूर्णिमा के दिन हुआ था।

प्रांतीय अध्यक्ष व आसपास के जिलों से प्रतिनिधि मण्डल शामिल हुए

# महाराजा अजमीढ़ देव की जयंती पर स्वर्णकार समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

स्वर्णकार समाज के आराध्य देव महाराजा अजमीढ़ देव की जयंती के पावन अवसर पर स्थानीय स्वर्णकार समाज ने धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में प्रांतीय अध्यक्ष मनहरण सोनी, प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती सरिता सोनी, जिला मुंगेली, तखतपुर, लोरमी, खैरागढ़ एवं रायपुर से प्रतिनिधि मंडलों एवं स्थानीय स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष रमेश कुमार सोनी सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों, महिला पदाधिकारियो, युवा मण्डल के पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में स्वर्णकार के कार्यकर्ता गण शामिल हुए।

इस जयंती समारोह को बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रातः महाराजा अजमीढ़ देव की तस्वीर पर पूजन एवं दीप प्रज्जवलित किया गया, तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात समाज के प्रतिभा संपन्न एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को मंचस्थ अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम पाली का मंच संचालन मार्गदर्शक राजेंद्र सोनी एवं दिलीप सोनी ने किया तथा द्वितीय पाली का मंच संचालन अश्विनी सोनी एवं नंदकुमार सोनी ने किया। उद्बोधन पश्चात बड़ी संख्या में उपस्थित स्वर्णकारों ने बाजे गाजे, धुमाल के साथ भजन कीर्तन करते हुए एवं जयघोष के नारों के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए वापस यूथ क्लब भवन में संपन्न हुआ। तत्पश्चात सामाजिक और सामूहिक भोज का कार्यक्रम रखा गया। उपरोक्त कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों, संरक्षकों, महिला प्रकोष्ठ, युवा मंडल के पदाधिकारियों सहित समाज के प्रबुद्धजनों की बड़ी संख्या में उपस्थित थें। इस सफल आयोजन के लिए प्रकाश चंद सोनी, रवि सोनी, रमेश सोनी, राजेंद्र सोनी, दिलीप सोनी, मनीष सोनी, रामकुमार सोनी, गोपाल सोनी, शिवेंद्र सोनी, आकाश सोनी, शशांक सोनी आदि का सराहनीय सहयोग रहा। उपरोक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी निखिलेश सोनी प्रतीक ने दी।

### समाज को सक्रिय और संगठित रहने की अपील की: मनहरण सोनी

उद्बोधन की कड़ी में प्रांतीय अध्यक्ष मनहरण सोनी ने समाज को महाराजा अजमीढ़ देव जयंती पर्व की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए समाज को सक्रिय और संगठित रहने की अपील की गई। अंचल के वरिष्ठ साहित्यकार गणेश सोनी प्रतीक ने कविता के माध्यम से समाज को मार्ग प्रस्तुत करते हुए शोभा यात्रा की सफलता की शुभकामनाएं दी। संरक्षक बलदाऊ प्रसाद सोनी ने प्रांतीय पदाधिकारी के आगमन एवं आसपास के जिले से पधारे स्वर्णकारों की बड़ी संख्या में उपस्थिति पर प्रशंसा व्यक्त की गई। समाज के अध्यक्ष रमेश कुमार सोनी ने सामाजिक गतिविधियों को विस्तार पूर्वक रखा गया।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### स.लोहारा में पोषण पुनर्वास केंद्र का शुभारंभ

**स.लोहारा।** जिले के सहसपुर लोहारा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मंगलवार को एनआरसी पोषण पुनर्वास केन्द्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष, पार्षदगण, जनपद अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, खंड चिकित्सा अधिकारी, खंड कार्यक्रम प्रबंधक, आशा कार्यकर्ता, मितानिन बहनें तथा स्वास्थ्य केन्द्र का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा। एनआरसी का मुख्य उद्देश्य कुपोषित बच्चों को उचित पोषण, चिकित्सीय देखभाल और पुनर्वास सुविधा प्रदान करना है, ताकि वे स्वस्थ जीवन की ओर लौट सकें। पुनर्वास केन्द्र के शुभारंभ अवसर पर 6 कुपोषित बच्चों को केन्द्र में भर्ती किया गया, जहाँ उनके लिए पौष्टिक भोजन, स्वास्थ्य जांच और विशेष उपचार की व्यवस्था की गई है।

### सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से मिल रहा लाभ



**कवर्धा।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ने कबीरधाम जिले के निवासियों के जीवन में नई रोशनी ला रही है। ग्राम दौजरी निवासी नरेश चंद्रवंशी इसका जीता-जागता उदाहरण हैं। उन्होंने जनवरी माह में अपने घर पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल सिस्टम लगाया था। आज वे न केवल मुफ्त बिजली पा रहे हैं, बल्कि अधिक ऊर्जा उत्पन्न होने से आर्थिक लाभ भी कमा रहे हैं। श्री चंद्रवंशी बताते हैं कि पहले उनके घर का बिजली बिल हर माह तेरह सौ से दो हजार रुपए आता था, लेकिन अब उनका बिजली बिल लगातार माइनस में चल रहा है और वे अब तक लगभग 3900 रुपए लाभ में हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें केंद्र सरकार से 78,000 और राज्य सरकार से 30,000 की सब्सिडी मिली, जिससे सोलर सिस्टम लगवाना किफायती और आसान हो गया। वे कहते हैं अब न तो बिजली बिल की चिंता है, न बिजली कटने की परेशानी। उल्टा सूरज की रोशनी से आमदनी हो रही है। सरकार का यह कदम गांव के लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

### बारिश थमने से लोगों ने ली राहत की सांस

**कवर्धा।** कवर्धा सहित अंचल में बीते कुछ दिनो से लगातार हो रही हल्की तेज बारिश के बीच मंगलवार को कवर्धा का मौसम साफ रहा। हालांकि शाम ढलते-ढलते आसमान में बदली छाई रही लेकिन बारिश नहीं हुई। लगभग पूरे दिन चटख धूप खिलने से लोगों ने राहत की सांस ली है। वहीं किसानो ने भी मौसम साफ होने पर खुशी जताई है।

## कार्रवाई : फर्जी सीजी पासिंग नंबरयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार में की जा रही थी तस्करी

# 57 किलो 800 ग्राम गांजा जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय रायपुर से प्राप्त सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए कबीरधाम पुलिस ने महासमुंद पुलिस से समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त अभियान में अंतरराज्यीय गांजा तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया।

इस संबंध में जिला पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार थाना बोड़ला अंतर्गत चेकिंग के दौरान फर्जी सीजी पासिंग नंबरयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पुलिस ने वाहन में विशेष रूप से बनाए गए गुप्त चैम्बर से 57 किलो 800 ग्राम गांजा बरामद किया गया।

इस मामले में पुलिस ने आरोपी मोहसिन खान, निवासी भोपाल के विरूद्ध नारकोटिक एक्ट की धारा के तहत अपराध दर्ज कर मौके से गिरफ्तार किया गया। जब्त किए गए गांजे की अनुमानित कीमत 14 लाख 45 हजार रुपए तथा प्रयुक्त वाहन की कीमत लगभग 5 लाख रुपए है। कुल जप्ती 19 लाख 45 हजार रुपए की कि गई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, पंकज पटेल के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोड़ला निरीक्षक रूपक शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा की गई। साथ ही साइबर सेल कबीरधाम की टीम का भी विशेष योगदान रहा।

### उड़ीसा से लाई जा रही थी गांजा की खेप




गांजा तस्करी के अरोप में पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी मोहसिन खान, निवासी भोपाल ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह गांजा की खेप उड़ीसा से लेकर आ रहा था और उसे कवर्धा, बोड़ला होते हुए भोपाल ले जा रहा था। जहां इस गांजे को फुटकर बेंचा जाता। लेकिन पुलिस की सटीक सूचना पर की गई कार्यवाही से गांजा तस्कर के मसूबों पर पानी फिर गया।

### एसपी ने कहा नशे के विरूद्ध जारी रहेगी कार्यवाही

इस कार्यवाही पर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि जिले में किसी भी प्रकार की नशे की गतिविधि, अवैध तस्करी या समाज को दूषित करने वाले तत्वों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति पर काम किया जा रहा है। ऐसे अपराधियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की विशेष टीमें लगातार सक्रिय हैं और ऐसी सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेंगी। कबीरधाम पुलिस का यह अभियान नशे के व्यापारियों के लिए स्पष्ट चेतावनी है कि जिले की सीमाओं में अब कोई भी अवैध गतिविधि नहीं चल पाएगी। पुलिस हर स्तर पर निगरानी रख रही है और किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यदि किसी व्यक्ति को नशा तस्करी, अवैध परिवहन या ऐसे किसी संदेहास्पद कार्य की जानकारी मिले तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने या हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# पीड़ित परिवार को चार लाख की आर्थिक सहायता मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के संवेदनशील पहल और तत्पर निर्णय से तहसील सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम दनियाखुर्द के दुखग्रस्त परिवार को त्वरित राहत मिली है। 01 अक्टूबर 2025 को ग्राम दनियाखुर्द में आकाशीय बिजली गिरने से 12 वर्षीय नाबालिक बालक हीरालाल उर्फ हरीश साहू, पिता दिलेश्वर साहू की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। यह जानकारी मिलते ही कलेक्टर गोपाल वर्मा ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को राहत की पूरी प्रक्रिया प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा के पहल पर बालक के परिजनों को मात्र दो दिन में 4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत कर राहत प्रदान की गई। यह जिले में प्रशासन की मानवीयता और त्वरित कार्यप्रणाली का उदाहरण बन गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार नायब तहसीलदार सहसपुर लोहारा हुलेश्वर कुमार पटेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पटवारी से घटना का पंचनामा और संपूर्ण रिपोर्ट एक ही दिन में तैयार कर एसडीएम कार्यालय के माध्यम से प्रकरण कलेक्टर कार्यालय को प्रेषित किया। प्रशासनिक तंत्र की इस तेज और प्रभावी कार्यवाही से आरबीसी 6(4) के तहत केवल दो दिवस के भीतर 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई।



आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने स्वयं मृतक बालक के पिता दिलेश्वर साहू को 4 लाख रुपए की सहायता राशि का चेक भेंट किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओं अजय कुमार त्रिपाठी, सहसपुर लोहरा एसडीएम श्रीमती शिल्पा देवांगन, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, तहसीलदार हुलेश्वर पटेल सहित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी परिवार पर आई विपत्ति को हम टाल नहीं सकते, लेकिन शासन की मंशा यही है कि प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता मिले और वे इस कठिन समय में स्वयं को अकेला न महसूस करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी ऐसी किसी भी आपदा की स्थिति में राहत कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो।

# सांसद ने गरीब बच्चे के इलाज के लिए स्वीकृत कराई 3 लाख की सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने सराहनीय कार्य करते हुए गंभीर बीमारी से ग्रसित एक गरीब बच्चे के ईलाज के आर्थिक सहायता राशि दिलाई है। जिले के विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम अतरिया खुर्द के निवासी पुष कुमार साहू के सुपुत्र ढालेश्वर साहू जो कि सिकल सेल जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। चिकित्सकों ने उन्हें बोनमेरो ट्रांसप्लांट की अत्यंत आवश्यकता बताई है। पीड़ित बच्चे के परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है। परिजन बच्चे के ईलाज में लगने वाली बड़ी राशि को लेकर चिंतित थे।

बच्चे के पिता पुष कुमार साहू ने क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई। सांसद पांडेय ने परिवार की पीड़ा को समझते हुए 23 जुलाई 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर उक्त बच्चे के ईलाज हेतु प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष अंतर्गत वित्तीय सहायता के लिए अनुरोध किया। जिसके प्रतिउत्तर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उक्त बच्चे के बीमारी के उपचार हेतु तीन लाख रूपए की राशि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से स्वीकृति दी गयी है।

इसके लिए सांसद संतोष पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। इसके अलावा पार्टी के कार्यकर्ताओं व बच्चे के परिजनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सांसद संतोष पांडेय का आभार व्यक्त किया है।

# जिले के आठ शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि समाप्ति के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के सतत प्रयास से जिले के आठ शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि समाप्ति आदेश जारी हो गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि विगत 12 अगस्त को एसोसिएशन की संभागीय टीम ने संयुक्त संचालक दुर्ग आरएल ठाकुर से मुलाकात कर शिक्षक संवर्ग के विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग किया था, जिसके बाद यह आदेश जारी हुआ है। कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग से जारी इस आदेश में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत वर्ष 2022 में सीधी भर्ती से नियुक्त आठ शिक्षकों की तीन वर्ष की निर्धारित सेवा सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद परिवीक्षा अवधि समाप्त किया गया है। आठ शिक्षकों में रोहित कुमार, रामावतार ताम्रकार, मनोज टण्डन, परमेश्वर, कार्तिक कश्यप, जीवनलाल, सविता यादव एवं दीप्ति सोनी का नाम शामिल है। इस आदेश के बाद अब शिक्षकों को वार्षिक वेतनवृद्धि सहित अन्य लाभ प्राप्त हो सकेगा। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, रविन्द्र चन्द्रवंशी, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल, हेमलता शर्मा आदि ने शासन प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संबंधित शिक्षकों को बधाई दिया है।



# खैरवार से बोड़तरा मार्ग नवीनीकरण की प्रक्रिया शुरू

- स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य होगा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले के विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम खैरवार से बोड़तरा तक सड़क के नवीनीकरण कार्य के लिए शासन स्तर पर प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

ग्रामवासियों की लंबे समय से उठाई जा रही मांग के अनुसार सड़क नवीनीकरण के लिए प्राक्कलन तैयार कर परियोजना मंडल दुर्ग को भेजा गया है। यह प्रस्ताव 134.02 लाख रूपए की लागत से स्वीकृति के लिए प्रेषित किया गया है। स्वीकृति प्राप्त होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण विकास संभाग कवर्धा सुरेन्द्र कुमार पटेल ने बताया कि वर्ष 2017-18 में खैरवार से बोड़तरा सड़क का निर्माण कार्य पर्यावरण एवं अधोसंरचना विकास निधि मद अंतर्गत स्वीकृत किया गया था, जिसे 10 दिसंबर 2019 को पूर्ण किया गया था।

उन्होंने बताया कि पांच वर्ष की संधारण अवधि पूर्ण होने के पश्चात ग्रामवासियों की मांग पर सड़क के नवीनीकरण के लिए नया प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति के लिए भेजा गया है। इस पहल से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और स्थानीय विकास को नई गति प्राप्त होगी। वहीं इस जानकारी के बाद ग्रामीणों में खुशी देखी जा रही है।

# लायंस क्लब ने 200 बच्चों को बांटे फल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

लायंस क्लब के सौजन्य से आज नगर की प्रमुख प्राथमिक शाला में नेवता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं लायंस क्लब के सदस्यों ने आपसी सौहार्द और सहयोग की भावना के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक सीडी भट्ट मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण ने सहभागिता निभाई। लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ स्नेहपूर्वक भोजन ग्रहण किया तथा विद्यालय के समग्र विकास हेतु सहयोग का आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि लायंस क्लब ने इस स्कूल को गोद लिया हुआ है और समय समय पर क्लब की ओर से बच्चों को पठन सामग्री, फल, मिठाई आदि वितरित किए जाते हैं। क्लब के प्रयत्नों से इस शाला को मॉडल स्कूल का दर्जा प्राप्त है। क्लब के डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन नीरज मंजीत छाबड़ा ने बताया कि फिलहाल लायंस सेवा सप्ताह चल रहा है और इसी के अंतर्गत छठवें दिन यह कार्यक्रम रखा गया था। आज के कार्यक्रम में लायन प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, नीरज मनजीत छाबड़ा, डॉ. बीएस चौहान, डॉ. नरेश कुमार यदु, हरीश गांधी, आनंदप्रकाश दानी, धनसुख पटेल, अजय गुप्ता, मनोज कुमार ठाकुर, एमएल बांठिया, बीपी शर्मा, सोमप्रकाश वर्मा, गुरमीत चावला, नवनीत गुप्ता सहित अनेक लायंस उपस्थित थे। प्रधान पाठक श्री भट्ट ने लायंस क्लब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यालय एवं समुदाय के बीच आत्मीयता बढ़ाते हैं और बच्चों में सामाजिक सद्भाव की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षकगणों द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय परिवार की ओर से प्रस्तुत किया गया।



# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मोहतराखुर्द में दीक्षांत समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले के विकासखंड पंडरिया अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) मोहतराखुर्द में 04 अक्टूबर 2025 को दीक्षांत समारोह का आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर संस्था के सभी प्रशिक्षार्थियों को अंकसूची एवं राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद (एनटीसी) प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में संस्था के अधिकारी-कर्मचारी, प्रशिक्षकगण, प्रशिक्षणार्थी एवं भूतपूर्व प्रशिक्षार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। समारोह का उद्देश्य प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को उनके व्यावसायिक जीवन की नई शुरुआत के लिए प्रोत्साहित करना था।

## विश्व शिक्षक दिवस पर अशोका पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# स्कूल में बाल मनोविज्ञान और शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा।

नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय अशोका पब्लिक स्कूल में विश्व शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर बाल मनोविज्ञान और शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के प्रमुख स्पीकर के रूप में प्रसिद्ध मास्टर ट्रैनर एआर केसी असिस्टेंट प्रोफेसर उत्कर्ष कॉलेज ऑफ एजुकेशन सरखों, जांजगीर उपस्थित थे। विद्यालय के संचालक पवन देवांगन एवं संचालिका श्रीमती सारिका देवांगन तथा प्राचार्य एसएल नापित ने प्रो.केसी सर का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर मां शारदा की आरती कर प्रशिक्षण की शुरुआत किए। विद्यालय के संचालक पवन देवांगन ने अपने उद्बोधन में बतलाया कि हमारे बीच उपस्थित एआर केसी सर ना केवल प्रसिद्ध शिक्षाविद हैं, अपितु मास्टर ट्रेनर के रूप में विगत 32 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान दें रहें। अब तक थाईलैंड, बैंकाक, दुबई, श्रीलंका जैसे 06 देशों में अपने अनुभवों को साझा कर बाल मनोविज्ञान पर निरंतर कार्य कर रहें है। प्रो. केसी सर ने एकदिवसीय प्रशिक्षण को तीन चरण में विभाजित कर पूर्ण किया। प्रथम चरण में उन्होंने शिक्षक-शिक्षकाओं को विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम को सुधारने के लिए, बच्चों में परीक्षा के भय को दूर करने तथा बच्चों को परीक्षा के लिए प्रेरित करने के लिए 8-डी मॉडल का विशेष व्याख्यान दिया जिसके अंतर्गत बच्चों में असंभव सपना, कल्पना को साकार करने के लिए दिशा तय करना, सफलता के लिए अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बतलाया कि हम शिक्षको को बच्चों की शिकायत,आलोचना एवं अन्य बच्चों से तुलना करना जैसे आदतों से बचना चाहिए। द्वितीय चरण में शिक्षण कौशल के अंतर्गत काश मॉडल के द्वारा शिक्षकों को कार्य के प्रति प्रेरित करके स्वयं के शैक्षणिक विकास कर बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया। शिक्षको को निरंतर नए-नए ज्ञान अर्जित कर, युग प्रवर्तक के अनुसार अपना नजरिया बदल कर विभिन्न कौशल दक्षता को पाने का तरीका सिखाया गया। तृतीय चरण में विद्यालय का सर्वांगीण विकास कैसे किया जा सकता है विषय पर चर्चा करते हुए बताए की विधार्थी-शिक्षक-मैनेजमेंट ही विद्यालय के आधार होते हैं। जिनमें सर्वोपरि विधार्थी ही है। जिन पर हमें विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। बच्चों में अच्छी आदतों, समय की महत्ता जैसे गुण विकसित करने होंगे। क्यूंकि बच्चे हो या बड़े एक बार में कुछ सीखा नहीं जाता। बाल मनोविज्ञान के द्वारा बच्चों की मानसिक दशा को समझ कर उनके विकास पर प्रकाश डाला गया। विकास के तीन चरण को मॉडल के द्वारा प्रदर्शन कर, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी कार्य, प्रतियोगिता, ब्लैक बोर्ड प्रदर्शन, शिक्षकों का मनोविचार परिचर्चा इत्यादि द्वारा विद्यालय के लगभग 120 शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित किया गया।



# मानव एवं वन्य प्राणी सह-अस्तित्व विषय पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

02 से 08 अक्टूबर वन्य प्राणी सप्ताह के अंतर्गत मानव एवं वन्य प्राणी सह-अस्तित्व विषय पर आत्मानंद स्कूल, कवर्धा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वन मंडल अधिकारी निखिल अग्रवाल के निर्देशन एवं उप वनमंडलाधिकारी कवर्धा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यशाला में परिक्षेत्र अधिकारी कवर्धा अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यार्थियों को वन्य प्राणियों के संरक्षण, उनके पर्यावरणीय महत्व तथा मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के उपायों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को यह बताया गया कि वन्य प्राणियों का संरक्षण केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने वन्य प्राणी संरक्षण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में वन्य जीवों के प्रति संवेदनशीलता, पर्यावरणीय जागरूकता एवं सह-अस्तित्व की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।



## सार समाचार

### राष्ट्रीय अधिवेशन में अजय ने किया वाचन




**राजनांदगांव।** इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में पदस्थ योग शिक्षक डॉ. अजय कुमार पाण्डेय ने उज्जैन के विक्रम विश्विद्यालय में भारतीय दर्शन तथा सामाजिक सद्भाव विषय पर आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में सकल राष्ट्रीय खुशी की अपूर्णता तथा सकल राष्ट्रीय कर्तव्य की परिकल्पना शीर्षक पर पत्र वाचन किया। उन्होंने बताया कि खुशी को सीधे नहीं मापा जा सकता, वह कर्तव्य का बाई प्रोडक्ट है।

### साइंस कॉलेज के छात्रों ने किया रक्तदान




**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर 7 अक्टूबर को रासेयो व रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वाधान में 07 यूनिट रक्तदान प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में जिला हॉस्पिटल राजनांदगांव में किया। रक्तदान-महादान-जीवनदान के महत्व को बताते रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे ने कहा कि मानव ही मानव की जान बचा सकता है, कोई भी व्यक्ति जिसकी उम्र 18 साल व जिसका वजन 50 किलो से कम न हो, रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, शरीर में नया खून बनने से बीमारी की संभावना कम होती है व शरीर को नई ऊर्जा मिलती है। रक्तदान करने वालों में छात्र कन्हैया, आयुष वैष्णव, संकेत साहू, मधुषेक सिन्हा, पार्थ साहू, भेनूराम चुरेन्द्र, लक्ष्मीनारायण साहू शामिल रहे। रक्तदान के पूर्व रक्त की जांच की गई व उन्हें रक्त समूह से अवगत कराया गया। रक्तदान में जिला हॉस्पिटल के अधिकारी-कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग मिला।

### मोहड़ में ग्रामसभा आयोजित, कार्ययोजना तैयार



**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशन में नोडल अधिकारी रोहित देवांगन की उपस्थिति में विकासखंड अंबागढ़ चौकी के ग्राम मोहड़ में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। सभा में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत विलेज विजन प्लान 2030 के लिए ग्राम स्तरीय प्रत्यक्ष कार्ययोजना तैयार की गई तथा तैयार विलेज डेवलपमेंट प्लान का ग्रामवासियों के समक्ष वाचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री की पाती का वाचन किया गया। तत्पश्चात ग्रामवासियों द्वारा सूचीबद्ध विकासात्मक प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसे ग्रामसभा द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। अनुमोदित प्रस्तावों में आकांक्षी जिला गुणवत्ता अभियान 2025, मनरेगा अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण, तालाब गहरीकरण कार्य तथा मुक्तिधाम शेड निर्माण जैसे विभिन्न जनहितकारी प्रस्ताव शामिल रहे। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 31 रक्तवीरों ने किया रक्तदान



**राजनांदगांव।** साहू समाज के जिला संगठन सचिव चंदन साहू के मार्गदर्शन में पेंड्री बायपास रोड़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 31 रक्तवीरों ने रक्त देकर जरूरतमंदों की मदद की। साथ ही 51 लोगों ने ब्लड की जांच कराया। इस अवसर पर चंदन साहू ने कहा कि रक्तदान महादान है, गरीब निःसहारा एवं कमजोर व्यक्ति को नया जीवन मिलता है। इससे हमें बड़ा ही सुकुन मिलता है। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में चंदन साहू, जितेंद्र साहू, डेनी साहू, नंदकुमार साहू, पंकज लहरे, दुर्गेश साहू, आशीष साहू, मनिन्द्र साहू, रूपेश साहू, जसविन्दर सिंह भाटिया, गणेश साव एवं अन्य लोग शामिल थे।

### बेसिक काउंसलर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव।** जूनियर रेडक्रास सोसायटी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव के तत्वावधान में तीन दिवसीय बेसिक काउंसलर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 4 से 6 अक्टूबर तक डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्रा शा.उ.मा. शाला बसंतपुर में आयोजित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल के मार्गदर्शन में 150 जूनियर रेड क्रॉस प्रभारी की उपस्थिति में 6 अक्टूबर को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का शुरूआत 4 अक्टूबर को रेड क्रॉस के चेयरपर्सन दामोदर दास मुदरा, जिला संगठन प्रदीप शर्मा, मास्टर ट्रेनर चंद्रशेखर पवार जिला संगठन बालोद, विनोद हथेल, मास्टर ट्रेनर लेखराम वर्मा, नोडल अधिकारी नेहा साहू, देवेंद्र अंबादे की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। उद्घाटन पश्चात सर्वप्रथम रेडक्रॉस की उत्पत्ति के संबंध में मास्टर ट्रेनर सीएस पवार द्वारा जानकारी दी गई। समापन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने जिले के सभी स्कूलों में रेडक्रास को बेहतर संचालित करने एवं बच्चों को प्रत्येक शनिवार रेडक्रॉस की गतिविधि में शामिल करने की बात कही। साथ ही सभी को प्रशिक्षण पूरा करने पर बधाई देते प्रमाण पत्र वितरण किया। समापन अवसर पर सतीश ब्योहारे, पीएस झाड़े, भूपेन्द्र साहू, मयूख श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### वार्डों में आज से सामाजिक सुरक्षा पेंशन शिविर

**राजनांदगांव।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते नगर निगम द्वारा पेंशन का भुगतान वार्डों में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह जून से अगस्त का पेंशन भुगतान के लिए वार्डों में 14 नवंबर तक सुबह 11.30 से दोपहर 3.30 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत कल 8 अक्टूबर को वार्ड नं. 11 के लिए ओवरब्रिज के नीचे निगम औषधालय, 9 अक्टूबर को वार्ड नं. 12 व 13 के लिए सार्वजनिक मंच गौरीनगर, 10 अक्टूबर को वार्ड नं. 14 के लिए वेसलियन स्कूल एवं 11 अक्टूबर को वार्ड नं. 15 के लिए राम मंदिर बीएनसी मिल के पास शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डों के लिए भी शिविर आयोजित किए जाएंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डों में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर पेंशन का लाभ लेने की अपील की है।

### निःशुल्क चर्म, बाल व गुप्त रोग जांच शिविर आज

**राजनांदगांव।** नया बस स्टैण्ड सतनाम भवन स्थित आरोग्यम क्लिनिक में 8 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक निःशुल्क चर्म, नाखून, बाल व गुप्त रोग जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें वरिष्ठ चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ.सम्प्रीति सेंदूर अपनी सेवाएं पूर्णतः निःशुल्क देंगी।

# शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं पर होगा फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के नवपदस्थ कलेक्टर जितेन्दर यादव ने आज पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए अपनी प्राथमिकताओं को बताया। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का धरातल पर बेहतर क्रियान्वयन करने के लिए सबके साथ मिलकर काम किया जाएगा।

नव पदस्थ कलेक्टर जितेन्दर यादव ने शाम 4 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस आहूत किया हुआ था, लेकिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये मीटिंग में शामिल होने की वजह से वह आधा घंटा लेट सभागृह में पहुंचे। उन्होंने अपनी सहज, सरलता का परिचय देते देर से आने के लिए पत्रकारों से क्षमा मांगा।

## सबके साथ मिलकर काम करना मेरा स्वभाव

### मीडिया की अहम भूमिका

कलेक्टर ने कहा कि मीडिया के पास ब्रेक और स्पीड का पावर है। जिले के विकास को लेकर वह सीधे संपर्क कर अवगत करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी के साथ मिलकर काम करना मेरा स्वभाव है। वहीं उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य बेसिक चीज हैं। जिसकी सुविधा लोगों को मिलनी चाहिए।



### ग्रामीण क्षेत्रों पर होगा फोकस

कलेक्टर ने कहा कि तहसील स्तर पर राजस्व कैंप लगाकर ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं शहरी क्षेत्र में जो काम शुरू है, उसे जल्द करने की कोशिश करेंगे। इसके अलावा जल संसाधन के कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। पंचायत स्तर पर पंचायत के रेवेन्यू को बढ़ाने की दिशा में भी काम होगा।

उन्होंने अपना परिचय देते बताया कि वह वर्ष 2019 बैच के आईएएस ऑफिसर हैं और रायगढ़ में जिला पंचायत सीईओ के बाद राजनांदगांव कलेक्टर के रूप में उनकी पहली पोस्टिंग है। उन्होंने राजनांदगांव में विभागवार कार्यों की समीक्षा करेंगे और शासन की योजनाओं का धरातल पर बेहतर क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र को लेकर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र के लिए अच्छी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं 11वीं व 12वीं के बच्चों को मेडिकल और इंजीनियरिंग की कोचिंग की बेहतर व्यवस्था की जाएगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी कोचिंग का लाभ ले सके।

## मोदी कैबिनेट ने दी चार नई रेल लाइन परियोजना को मंजूरी

# डोंगरगढ़ से गोंदिया चौथी लाइन परियोजना को मिली स्वीकृति


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चार महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान कर रेलवे के क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढाने का कार्य निरंतर जारी है। उसी परिप्रेक्ष्य में लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव के डोंगरगढ़ से गोंदिया रेल मार्ग पर नए चौथी लाइन को केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान कर दी है। जिसके लिए सांसद संतोष पांडे ने बताया कि डोंगरगढ़ से गोंदिया नई रेल लाइन बिछाए जाने की मांग वे लोकसभा सत्र में रखे थे, जिस पर आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

सांसद पांडे ने बताया कि कुल 98 किमी नए रेल बिछाए जाएंगे, जिस पर 2223 करोड़ राशि व्यय होगा। मार्ग पर 15 बड़े पुल और 123 छोटे पुल का भी निर्माण होगा। साथ ही एक सुरंग, तीन ओवरब्रिज और 22 अंडरब्रिज का भी निर्माण किया जाएगा। सांसद ने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे देश में माल लदान के



लिए हमेशा अग्रिणी रहा है। रायगढ़-कोरबा से कोल परिवहन के साथ ही मुंबई-हावडा रेल मार्ग पर यात्री रेल गाडियों के लिए यह रेल लाइन अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्षभर परिवहन में रेल गाड़ियों का इस मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव अधिक रहता है। चौथी लाइन के निर्माण हो जाने से माल के परिवहन और यात्री गाडियों के आवागमन में सरलता होगी।




### 5 वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य

सांसद ने बताया कि उक्त परियोजना को पांच वर्ष में पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्र की मोदी सरकार के आने के बाद से ही रेल को नई रफ्तार मिली है। वर्तमान में राजनांदगांव से डोंगरगढ़ के मध्य चौथी रेल लाइन का कार्य जारी है और गत माह पूर्व ही परमालकसा से खरसिया नई रेल की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है।

## चाकू दिखा कर धमका रहा आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चाकू बरामद किया है। वहीं अन्य मामले में प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 7 अक्टूबर को शासकीय प्रेस के पीछे मांगलिक भवन के पास एक व्यक्ति द्वारा चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे, की सूचना पर पुलिस ने आरोपी सूरज वाहने 27 साल झोपड़पट्टी वार्ड नं. 6 चिखली को तत्काल पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक नग लकड़ी का बेट लगा धारदार चाकू जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

### अन्य मामले में भी कार्रवाई

इसी प्रकार क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे सतत अभियान के तारतम्य में चौकी चिखली में प्राप्त शिकायत आवेदन पत्रों एवं वाद-विवाद की सूचना के आधार पर 7 अक्टूबर को आवेदक व गवाहों के साथ लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर नेमीचंद देवांगन 43 साल मोतीपुर दीवानटोला को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

## छात्रावास के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास महेश नगर राजनांदगांव में 5 अक्टूबर को छात्रावास के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति छत्तीसगढ़ के पूर्व उपाध्यक्ष खूबचंद पारख ने छात्र संघ के अध्यक्ष कैरल्स कोठारी सहित सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त आईपीएस आरएस नायक ने किया। विशेष अतिथि छात्रावास के भूतपूर्व अध्यक्ष चंद्रेश ठाकुर समेत पुरूषोत्तम गांधी, लखन सोरी, बिट्टू कोमरे, मनोज पिस्दा, नंदकिशोर धुर्वे, मनोज चंद्रवंशी शामिल थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री पारख ने विद्यार्थी जीवन को व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कालखंड बताते इसके प्रत्येक पलों का सदुपयोग करने को कहा। उन्होंने विद्यार्थियों में निहित असीमित प्रतिभा एवं ऊर्जा का भी उल्लेख किया। अध्यक्षता करते नायक ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण कर उसे हासिल करने पूरे मनायोग से जुट जाने को कहा। विशिष्ट अतिथि चंद्रेश ठाकुर ने कहा कि राष्ट्र एवं समाज के नवनिर्माण में हमारे विद्यार्थियों की बहुत बड़ी भूमिका है। लखन सोरी ने आदिवासी बालक छात्रावास महेश नगर राजनांदगांव को अविभाजित राजनांदगांव जिले के अग्रणी एवं प्रदेश के प्रमुख छात्रावास बताया है।

डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411

### बोदेला में लोकधारा का मंचन आज

**तुमडीबोड़।** ग्राम बोदेला में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में कल 8 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे से छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकधारा तिलक राजा कृत रायपुर की प्रस्तुति होगी। आयोजकों ने अंचल के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। मुख्य अतिथि विधायक दलेश्वर साहू होंगे। अध्यक्षता महापौर मधुसूदन यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिपं सदस्य गुलाब वर्मा, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, जया साहू, सीमा साहू, निर्मला सिन्हा उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी हीरामन साहू, महेंद्र वर्मा, कुंदन साहू ने दी।

PARIHAR HOSPITAL
Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre

बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल)
रक्त एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी की सुविधाएं अब कवर्धा में
गुरूवार, दिनांक : 09 अक्टूबर 2025

सुबह 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक
स्थान :
साईं संजीवनी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, भारत माता चौक, कवर्धा

दोपहर 1.00 बजे से 3.00 बजे तक
स्थान :
परिहार हॉस्पिटल, बिलासपुर रोड, मिनीमाता चौक, कवर्धा



डॉ. दिब्येंदु दे
DM Hematology, Oncology & Stem Cell Transplant

100 से अधिक सफल बोन मेरो ट्रांसप्लांट



डॉ. नीलेश जैन
(MBBS, MD, PDF)

यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण है तो आज ही डॉक्टर से मिले

- खून की कमी
- सिकल सेल एनीमिया
- थैलेसेमिया
- शरीर के किसी भी हिस्से से रक्त स्त्राव
- बार-बार ब्लड लगना
- शरीर में लाल दाने अथवा चकते आना
- बार-बार बुखार का आना
- रक्त संबंधित कैंसर आदि
- शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ का होना
- लंबे समय तक न भरने वाला जख्म या छाला
- बिना प्रयास के वजन कम होना
- लगातार थकान व कमजोरी

अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 9301923453
8282823333/4444 नया रायपुर, छ. ग.
ATUL